आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 5 फरवरी 2025 ■ माघ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-306 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 फरवरी 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# प्रयागराज महाकुंभ में आकर मैं धन्य हुआ

**प्रयागराज,5 फरवरी।** मोदी ने लिखा कि प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हुआ। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया था। माँ गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में त्रिवेणी संगम पर पूजा की और संगम में पवित्र स्नान किया। इसके बाद मोदी ने एक्स पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। मोदी ने लिखा कि प्रयागराज में महाकुंभ में आकर धन्य हुआ। संगम पर स्नान दिव्य जुड़ाव का एक क्षण है और इसमें भाग लेने वाले करोड़ों अन्य लोगों की तरह, मैं भी भक्ति की भावना से भर गया था। माँ गंगा सभी को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद दें। प्रयागराज पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यमुना नदी में नाव से सैर की। उन्हें चमकीले केसरिया रंग का जैकेट और नीला ट्रैकपैंट पहने देखा गया। पौष पूर्णिमा (13 जनवरी, 2025) को शुरू हुआ महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जो दुनिया भर से भक्तों को आकर्षित करता है। महाकुंभ 26 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधान मंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं। इससे पहले, 13 दिसंबर, 2024 को अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान, प्रधान मंत्री ने 5,500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिससे आम जनता के लिए कनेक्टिविटी, सुविधाओं और सेवाओं में सुधार हुआ।

# कांग्रेस का घोषणापत्र जारी महिलाओं, युवाओं पर फोकस

**रायपुर,5 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज राजीव भवन रायपुर में घोषणा पत्र जारी किया, जिसका नाम ÷जन घोषणा पत्र÷ दिया गया है. कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, महापौर प्रत्याशी दीप्ति दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, प्रमोद दुबे, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे.तालाबों का संरक्षण व सौंदर्यीकरण की विषेश पहल की जाएगी। घाटों एवं तालाबों में महिलाओं के लिए चेजिंग रूम बनाए जाएंगे। शहरी व्यापारिक क्षेत्रों में महिला प्रसाधन की व्यवस्था की जाएगी। महिला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस कंट्रोल रूम के साथ सामंजस्य कर सभी चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेज के समीप में सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। सर्व-सुविधायुक्त ऑटो रिक्शा/ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धांजली राशि योजना के तहत बीपीएल कार्डधारियों को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए दिया जाएगा। निगमों के अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। सम्पत्तिकर, समेकितकर एवं जल उपभोक्ता शुल्क का घर बैठे भुगतान की सुविधा दी जाएगी। आगामी 6 माह में जहां-जहां ऑनलाइन भवन अनुज्ञा की सुविधा नहीं है वहां सुविधा दी जाएगी। मकान आबंटन प्रक्रिया को और सरलीकृत एवं पारदर्शी करते हुए सभी आवासहीनों को पात्रतानुसार मकान दिया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मी की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। प्रत्येक निकाय में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सर्व-सुविधायुक्त निःशुल्क लायब्रेरी खोला जाएगा। नगरीय निकाय द्वारा आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे अन्य कार्यक्रमों में पानी टैंकर निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। यूजर चार्ज का युक्ती-युक्तकरण किया जाएगा। शहर को धुल मुक्त बनाने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पौनी-पसारी योजना में महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी एवं स्थान को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाएगा। चलित ठेले व्यवसायियों को संरक्षण दिया जाएगा एवं वार्डों के प्रमुख स्थानों पर वेंडिग-जोन चिन्हांकित कर व्यवसाय के लिए उचित स्थान दिया जाएगा। विकास कार्य में पारदर्शिता सामूहिक जिम्मेदारी एवं कसावट की दृष्टि से निकायों के अध्यक्षों के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिए गए अधिकार वापस करते हुए प्रत्येक भुगतान में नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों के चेक हस्ताक्षर करने के अधिकार वापस दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा। कन्या विवाह के लिए सभी निकाय क्षेत्रों में सामुदायिक भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सामुदायिक भवन की ऑनलाइन बुकिंग सिस्टम लागू करेंगे। शासकीय भूमि पर काबिज भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि धारण करने के लिए धारणा अधिकार दिया जाएगा। सभी को पात्रतानुसार वृध्दा, दिव्यांग एवं निराश्रित लोगों को पेंशन सुविधा प्राप्त हो सुनिश्चित किया जाएगा। सभी सरकारी स्कूल एवं आत्मानंद स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया जाएगा। सभी वार्डों में सर्व-सुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण। स्कूली एवं महाविद्यालयीन छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकीन देंगे। जन्म-मृत्यु एवं मैरिज सर्टीफिकेट को घर पहुंच सुविधा प्रदान की जाएगा।

## संक्षेप

### अमित शाह 6 को आएंगे छत्तीसगढ़

**रायपुर,5 फरवरी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह दिल्ली से रायपुर एयरपोर्ट दोपहर 12.25 बजे पहुंचेंगे। इसके बाद वे हेलीकॉप्टर द्वारा प्रज्ञागिरी डोगरगढ़ हैलीपैड आएंगे और वहां से सड़क मार्ग द्वारा चंद्रगिरी तीर्थ के लिए रवाना होंगे। अमित शाह श्री चंद्रगिरी तीर्थ में दोपहर 1.10 बजे पधारेंगे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रम के तहत आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव व श्री 1008 सिद्धचक्र विधान विश्व शांति महायज्ञ में शामिल होंगे। दोपहर 2.10 बजे से 2.40 मिनट तक अमित शाह विद्यायतन समाधि स्मारक चन्द्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ में आयोजित विनयांजलि समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद अमित शाह सड़क मार्ग द्वारा दोपहर 2.50 बजे छोटी श्री बमलेश्वरी माता मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। इसके बाद वे प्रज्ञागिरी डोगरगढ़ से अपराह्न 3.45 बजे पर माना रायपुर एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, जहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शत्रुघ्न सिन्हा ने यूसीसी को बताया देश की जरूरत

**नई दिल्ली,5 फरवरी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने देशभर में

नॉनवेज भोजन पर प्रतिबंधन लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सराहना की है। हालांकि उन्होंने इसको लेकर अपनी चिंताएं भी जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि केवल गोमांस ही नहीं, बल्कि सामान्य रूप से सभी प्रकार के नॉनवेज भोजन पर देशभर में प्रतिबंध लगाना चाहिए। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना प्रथम दृष्टया में सराहनीय है। देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए और मुझे यकीन है कि हर कोई मेरी बात से सहमत होगा। लेकिन इसमें कई बारीकियां और खामियां हैं। न केवल गोमांस, बल्कि सामान्य रूप से मांसाहारी भोजन पर भी देश में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। लेकिन जो नियम उत्तर भारत में लागू किए जा सकते हैं, उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों में लागू नहीं किया जा सकता। समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का मसौदा तैयार करने से पहले एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जानी चाहिए।

### दिल्ली विधानसभा: राष्ट्रपति मुर्मू और सीएम आतिशी ने डाला वोट

**नई दिल्ली,5 फरवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए आज मतदान चल रहा है। वोटिंग ठीक 7 बजे शुरू हो गई थी, जो शाम 6 बजे तक चलेगी। 11 जिलों में 70 विधानसभा सीटों पर आज करीब 1.55 करोड़ लोग वोट डालेंगे और 699 चुनाव प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर है। मतगणना 8 फरवरी दिन शनिवार को होगी, इससे पहले आज 5 फरवरी दिन बुधवार को मतदान जारी है।

# जैसे 2018 में लड़े थे, वैसे ही हम सब मिलकर 2028 में लड़ेंगे : टीएस सिंहदेव

**सरगुजा,5 फरवरी।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के अंबिकापुर में टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में अगला विधानसभा चुनाव लड़ने के ऐलान से सियासी गलियारे में हलचल मच गई है. हालांकि, पीसीसी चीफ दीपक बैज ने इस बयान को नहीं सुनने की बात कही, लेकिन 2028 में कांग्रेस सरकार बनने का विश्वास जताया है. भाजपा ने महंत के इस बयान पर चुटकी भी ली. वहीं अब इस पर टीएस सिंहदेव का भी बयान सामने आया है. टीएस सिंहदेव ने चरण दास महंत के बयान पर कहा कि चरण दास महंत ने मेरे नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही है. सरगुजा से बाबा बस्तर से कोई और, कांग्रेस के नेतृत्व में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और सीएलपी लीडर चरण दास महंत नेतृत्व करेंगे. हम सब मिलकर 2028 में चुनाव लड़ेंगे. टीएस सिंहदेव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने (चरण दास महंत) कहा कि यहां से बाबा, बस्तर से कोई और कहीं से कोई. कांग्रेस की जो परंपरा है पार्टी के नेतृत्व की जिम्मेदारी पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज और सीएलपी लीडर चरणदास महंत की है. हम लोग अगुवाई वाले हैं. वे जहां पे आए थे उन्होंने कांग्रेस के साथी को बढ़ावा दिया. उन्होंने आगे कहा कि पिछला चुनाव हम नहीं जीते. मीडिया में भी आकलन किया गया था कि कांग्रेस की सरकार बन रही है, पर वह नहीं हुआ. कहीं न कहीं कुछ कमियां रही होंगी. उन कमियों को दूर करके, एक साथ जैसे 2018 में हम लोग चुनाव लड़े थे, वैसे ही 2028 में लड़ेंगे. उन्होंने कहा कि मेरे लिए भी एक ही लक्ष्य है कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जो भी सहयोग कर सकता हूं, करूंगा.

## कबीरधाम में 40 लाख की अवैध मदिरा जब्त

**कबीरधाम,5 फरवरी।** जिले के आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश से लाई जा रही अवैध मदिरा पकड़ी है। चिल्फी जांच चौकी के पास की गई कार्रवाई में 4437 बल्क लीटर (24,650 पाव) मदिरा जब्त की गई, जिसकी बाजार कीमत करीब 20.50 लाख रुपए है। इसके साथ ही स्वराज माजदा ट्रक (MP09GH5531) भी जब्त किया गया, जिसकी कीमत 20 लाख रुपए आंकी गई। कुल जब्त सामग्री का बाजार मूल्य 40.50 लाख रुपए है। कार्रवाई में राजेश जामरे, निवासी इंदौर (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36, 59(क) के तहत गैर-जमानती प्रकरण दर्ज किया गया है।

# सीजीएमएससी घोटाला: 3 आईएएस अधिकारियों को समन जारी

**रायपुर ,5 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में सीजीएमएससी (छत्तीसगढ़ दवा निगम) घोटाले के मामले में एंटी करप्शन

ब्यूरो (एसीबी) और इकोनामिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने राज्य के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को समन जारी किया है। इन अधिकारियों से अब पूछताछ की जाएगी, ताकि घोटाले के बिंदुओं पर जांच की जा सके। समन जारी किए गए अधिकारियों में आईएएस भीम सिंह, चंद्रकांत वर्मा और पद्मिनी भोई शामिल हैं। यह समन ईओडब्ल्यू द्वारा शासन से अनुमति प्राप्त करने के बाद जारी किए गए हैं। पिछले सप्ताह शासन से स्वीकृति मिलने के बाद, समन जारी कर अधिकारियों को ईओडब्ल्यू कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

**भीम सिंह (आईएएस, तत्कालीन स्वास्थ्य संचालक)-** वर्ष 2022 में जब ये स्वास्थ्य संचालक थे, तब दवाओं और रिएजेंट्स की खरीदी की जिम्मेदारी इनकी थी। डिमांड न होने के बावजूद इन्होंने सीजीएमएससी को 660 करोड़ रुपये के रिएजेंट्स और उपकरणों की खरीदी का आदेश दिया, जिससे घोटाले के आरोप लगे।

**चंद्रकांत वर्मा (आईएएस, तत्कालीन एमडी, दवा निगम)-**चंद्रकांत वर्मा सीजीएमएससी के एमडी रहे हैं। उनके कार्यकाल में ही स्वास्थ्य विभाग ने दवाओं और रिएजेंट्स की डिमांड की थी, और इन्होंने बिना उचित जांच के रिएजेंट्स की खरीदी के लिए टेंडर जारी किए। इसके कारण राज्य के स्वास्थ्य प्रणाली में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आईं।

**पद्मिनी भोई साहू (आईएएस, वर्तमान एमडी, सीजीएमएससी)-**पद्मिनी भोई साहू के कार्यकाल में भी सीजीएमएससी में दवाओं और रिएजेंट्स की सप्लाई हुई। इन्होंने जांच के दौरान खुद स्वास्थ्य संचालनालय (डीएचएस) को दो पत्र भेजे, जिनमें आरोप है कि उन्होंने कंपनियों को दूसरे मद से भुगतान करने के लिए मंजूरी दी। इस मामले में अभी इन अधिकारियों से की जा रही पूछताछ

**मीनाक्षी गौतम (तत्कालीन जीएम फाइनेंस, सीजीएमएससी),** कार्य, टेंडर कमेटी की सदस्य रहीं और कंपनी को भुगतान करने की जिम्मेदारी।

**बसंत कौशिक (जीएम तकनीकी, सीजीएमएससी)**-कार्य- टेंडर कमेटी में शामिल होकर उपकरण या रिएजेंट खरीदने का काम किया और निविदा में बदलाव करने का अधिकार था।

**डा. अनिल परसाई (उप संचालक, स्वास्थ्य विभाग)-** - कार्य- प्रदेश के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं और उपकरणों की जरूरत का आकलन करना।

**हिरें पटेल (जीएम, तकनीशियन, सीजीएमएससी)-** कार्य- दवाओं की खरीद और गुणवत्ता का आकलन करना।

**क्षिरौंद्र रावटिया (बायोमेडिकल इंजीनियर, सीजीएमएससी)-** कार्य- उपकरणों और एजेंट की गुणवत्ता जांचना और टेंडर कमेटी में स्वीकृति देना।

**कमलकांत पाटनवार (जीएम, तकनीशियन, सीजीएमएससी)-** कार्य- उपकरण और रिएजेंट की खरीद और कीमत का आकलन करना।

**आनंद राव (उप संचालक, स्वास्थ्य विभाग)-** कार्य स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी के बीच समन्वय स्थापित करना और स्टॉक की स्थिति की जांच करना।

# राहुल गांधी ने फिर उठाई जातीय जनगणना की मांग

**पटना,5 फरवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पटना में आरोप लगाया कि भारत के वर्तमान सत्ता तंत्र और संस्थाओं में दलितों तथा वंचितों की कोई भागीदारी नहीं है। उन्होंने कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों, समाज के कमजोर वर्गों की सटीक संख्या पता लगाने के लिए पूरे भारत में जाति आधारित जनगणना की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की सत्ता संरचना में, चाहे वह शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, कॉर्पोरेट हो, व्यापार हो, न्यायपालिका हो, आपकी भागीदारी कितनी है? राहुल ने कहा कि दलितों को प्रतिनिधित्व तो दिया गया है लेकिन अगर सत्ता संरचना में भागीदारी नहीं है तो इसका कोई मतलब नहीं है। अगर मंच के पीछे से निर्णय लिए जाएं तो मंच पर बैठाने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज अलग-अलग जाति के लोगों को टिकट देना एक फैशन बन गया है, ये बात पीएम मोदी भी कहते हैं। लेकिन फिर, आपने (पीएम मोदी) विधायकों की शक्तियां छीन लीं। यहां तक कि लोकसभा सांसदों के पास भी कोई निर्णय लेने की शक्ति नहीं है। आपने मंत्री बनाया लेकिन ओएसडी आरएसएस से है। सवाल नियंत्रण और भागीदारी का है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम अंबेडकर जी और जगलाल चौधरी जी के विचार और उसूलों की बात करते हैं।

# दिल्ली में वोटिंग के बीच बुर्के को लेकर बवाल

**नई दिल्ली,5 फरवरी।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए सभी 70 सीटों पर वोटिंग हो रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मतदान चल रहा है। कुछ जगहों से आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने एक दूसरे पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इस बीच सीलमपुर में एक बूथ पर कुछ देर के लिए हंगामा हो गया। बुर्के में महिलाओं के फर्जी वोटिंग के आरोप लगने के बाद कुछ देर हो-हंगामा हुआ। हालांकि, पुलिस ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया।

यहां आर्यन पब्लिक स्कूल के पास बने बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बाहर की महिलाओं को लाकर बुर्के में फर्जी वोटिंग कराई जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता बूथ के बाहर नारेबाजी करने लगे। आम आदमी पार्टी और भाजपा के कार्यकर्ता आमने सामने आ गए। इस हंगामे की शुरुआत उस वक्त हुई जब कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि जब वह वोट डालने पहुंचीं तो पता चला कि उनके नाम से किसी और ने पहले ही वोट डाल दिया है। भाजपा समर्थकों ने दावा किया कि सीलमपुर सीट से सटे यूपी के लोनी से लोगों को लागकर बुर्के की आड़ में वोटिंग कराई जा रही है। आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता नारेबाजी करने लगे। आम आदमी पार्टी के समर्थक भी सामने आ गए। दोनों पक्षों के तरफ से नारेबाजी होने लगी। हंगामा इतना बढ़ा कि कुछ देर के लिए वोटिंग बाधित हो गई। माहौल बिगड़ते देख पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया। कुछ देर बाद ही स्थति को पूरी तरह सामान्य र दिया गया।

इससे पहले आम आदमी पार्टी ने भी कुछ सीटों पर गड़बड़ी के आरोप लगाए। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राष्ट्रपति भवन के पास पैसे बांटने के आरोप लगाए। वहीं, जंगपुरा में भी एक बूथ के पास पैसे बांटने के आरोप भाजपा पर लगाए गए। आप के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि उनकी सीट पर आम आदमी पार्टी के समर्थकों को बूथ तक जाने में बाधा डाली जी रही है।

# जेएण्डके में आतंकवाद से निपटने उठाए गए कदमों की समीक्षा

**नई दिल्ली,5 फरवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में जम्मू-कश्मीर पर सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने और आतंकवाद से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया। पिछले महीने, इसी तरह के समीक्षा सत्र के दौरान, गृह मंत्री शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति लागू करने और क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों को खत्म करने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। उन्होंने सुरक्षा अभियानों को बढ़ाने के लिए एरिया डोमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान को मिशन मोड में लागू करने के

महत्व पर भी जोर दिया था। सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों की सराहना करते हुए, शाह ने आतंकवादी घटनाओं, घुसपैठ के प्रयासों और युवाओं की आतंकवादी संगठनों में भर्ती में उल्लेखनीय गिरावट की सराहना की थी। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और सेना, पुलिस और प्रशासन के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। शाह ने 19 दिसंबर, 2024 को पिछली समीक्षा बैठक के दौरान सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को समाप्त करने के लिए समन्वित तरीके से काम करना जारी रखने का निर्देश दिया था। सरकार का कहना है कि आतंकवादी घटनाओं, घुसपैठ और आतंकवादी संगठनों में युवाओं की भर्ती में उल्लेखनीय कमी आई है। सुरक्षा बलों ने पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया था, मुख्यतः नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट ऊंचे इलाकों और जंगली इलाकों में, ताकि पिछले वर्ष विभिन्न जिलों में कई हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों का पता लगाया जा सके। रियासी, डोडा, किश्तवाड़, कठुआ, जम्मू और राजौरी जैसे क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ी हैं।

**खेल मंत्रालय के बजट में पिछले दस वर्ष में 240 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी**

jasclaudius@gmail.com

# विश्व खेलमंच में भारत को स्थापित करने सभी करें मदद

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

समाज में खेल के महत्व को समझने वाला व्यक्ति आने वाली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होते हैं। शिक्षा, व्यापार-व्यवसाय, कला, विज्ञान, संचार, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, रक्षा, खाद्य, परिवहन आदि ऐसे क्षेत्र में जो मनुष्य के दैनिक जीवन से सीधे तौर पर ताल्लुक रखते हैं। आज की भागमभाग भरी जिंदगी में अगर व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं है तो मान लीजिए उसने जीने की कला व सफलता के अंतर को नहीं जाना है। मजेदार यह है कि जब हम खेल की बात करते हैं तो उसका आशय अधिकांश लोग यही समझते हैं कि खेल मैदान में जाकर कसरत या व्यायाम करना ही सबकुछ है लेकिन सच्चाई कुछ और है। प्रतिदिन जैसे ही हम अपना पैर चारपाई के नीचे लाते हैं तब वस्तुतः हम शारीरिक गतिविधियों को आरंभ कर देते हैं। घर के अंदर पैदल चलते हैं, पानी का गिलास उठाते हैं हम खेलकूद के अंतर्गत आने वाले अभ्यास को आरंभ कर देते हैं। एथलेटिक्स में 47 तरह के इवेंट होते हैं इनमें दौड़ना, कूदना, उछलना, फेंकना, पैदल चाल प्रमुख है। आप अपने घर पर प्रतिदिन के जीवन में एथलेटिक्स के किसी ना किसी इवेंट से जुड़ जाते हैं। अतः खेल जीवन का आधार है। शारीरिक रूप से फिट रहने का मार्ग है। इस प्रकार हम प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेलकूद को शारीरिक गतिविधियों के रूप में को चलते फिरते देखते हैं। हमारे देश की जनसंख्या और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धि का अक्सर तुलनात्मक अध्ययन करने पर स्पष्ट है हमारे देश के खिलाड़ी वास्तव में प्रतिभाशाली तो हैं परंतु शानदार अधोसंरचना, प्रशिक्षण में दूसरे देशों से पिछड़ जाते हैं। भारत में खेलकूद केंद्र का विषय है ऐसी परिस्थिति में केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश और बजट आबंटन पर हमारे देश के खिलाड़ियों का भविष्य निर्भर करता है। स्वतंत्रता के पश्चात से हमारे देश में खेलकूद को बढ़ावा देने की कोशिश की गई। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय बहुखेल स्पर्धाओं में 1951, 1982 में एशियाई खेल और 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया गया। 1961 से खेल के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार आगे चलकर भारत रत्न के साथ पद्विभूषण, भूषण व पद्मश्री से सम्मानित किए जाने की परंपरा आरंभ हुई। खिलाड़ियों को या किसी टीम को उनकी विशेष उपलब्धि के लिए नकद, भूखंड, शासकीय नौकरी, सार्वजनिक उपक्रम, निजी औद्योगिक संस्थानों में रोजगार देने की परंपरा भी आरंभ हुई। अब तो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, संन्यास के बाद के सक्रिय खिलाड़ियों को भी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार दिये जाने की परंपरा आरंभ हुई है। भारतीय ओलंपिक संघ तथा उससे जुड़े राष्ट्रीय व राज्य खेल संघों को भी खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के लिए राशि उपलब्ध कराई जा रही है। 2014 से नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानमंत्री है तब से लेकर अब तक भारतीय खेल प्राधिकरण माध्यम से हमारे देश में खेल के प्रति जागरूकता उदयीमान खिलाड़ियों की खेलो इंडिया के माध्यम से तथा आधुनिक अधोसंरचना, प्रशिक्षण, खिलाड़ियों, उचित खानपान उपलब्ध कराने की व्यवस्थित प्रक्रिया का चलन हुआ है। इन सबके लिए बजट में राशि का प्रावधान जरूरी होता है। भारत सरकार के खेल मंत्रालय ने इस दिशा में 2014 से लेकर 2025-26 तक खेलों की दुनिया के लिए करीब 2600 करोड़ रुपये सिर्फ खेल मंत्रालय के लिए आबंटित किया है। 2014-15 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग का बजट 1643.00 करोड़ था जिसमें खेलकूद के लिए लगभग 650 करोड़ था। अब 2025-26 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के लिए 3794.30 करोड़ का बजट रखा गयाहै इसमें खेल मंत्रालय का बजट जो 2014-15 में लगभग 650 करोड़ था वह अब करीब 2600.00 करोड़ रुपये हो चुका है। तात्पर्य यह है वर्तमान केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार भारत को विश्व खेलमंच में प्रतिष्ठापूर्ण स्थान बनाने के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान दिया है। ऐसी परिस्थिति में हमारे देश के खेल प्रशासकों, राजनीतिज्ञों, अभिभावकों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों आदि खेल से जुड़े समस्त लोगों के लिए चुनौती है कि वे भारत के कोने-कोने, गांव-गांव से विशेषकर ओलंपिक खेलों और पारंपरिक खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षित करें। मोदी सरकार ने खेलकूद में भारत का नाम रौशन करने के लिए 2014 के पहले के पैसों की कमी के बहाने को दूर कर दिया है।

## भाजपा ने छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में लॉच किया थीम सांग

**रायपुर,5 फरवरी।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने अपना थीम सॉन्ग घर-घर में कमल खिलाएंगे लॉन्च किया. विधायक अनुज शर्मा ने हिंदी और छत्तीसगढ़ी में गीत को अपना स्वर दिया है. भाजपा का थीम सॉंग लॉच करते समय विधायक अनुज शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, भाजपा मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी और सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल मौजूद थे. इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि निकाय चुनाव में भी भाजपा की जीत होगी. जनता का विश्वास हमारे साथ हैं. उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय को भ्रष्टाचार का अड्डा मानकर कांग्रेस ने काम किया है.

## एक नजर

### सिंटर प्लांट-3 में अंजनाद्री गार्डन का उद्घाटन

**भिलाई, 5 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 विभाग में अंजनाद्री गार्डन का उद्घाटन तत्कालीन कार्यपालक निदेशक प्रभारी अंजनी कुमार द्वारा कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। एसपी-3 बिरादरी के सामूहिक प्रयास से विभाग में इस नई सुविधा को विकसित किया गया, जो एकता और सामूहिक दृष्टिकोण का प्रतीक है। इस महत्वाकांक्षी पहल का परियोजना प्रबंधन और क्रियान्वयन उप महाप्रबंधक एम.यू. राव द्वारा किया गया, जिसमें वरिष्ठ प्रबंधक अजय श्रीवास्तव व विपिन मौर्य और उप प्रबंधक दिनेश मानिकपुरी का महत्वपूर्ण योगदान दिया। हरित स्थान, भू-दृष्यांकन और पुष्प डिजाइन का कार्य सहायक महाप्रबंधक आर.के. रणदीवे और सहायक महाप्रबंधक अमीत माथुर द्वारा किया गया। संध्याकाल के बाद स्थान को नया स्वरूप प्रदान करने प्रकाश की व्यवस्था विद्युत समूह द्वारा उप महाप्रबंधक विवेक श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वरिष्ठ प्रबंधक के.के. वर्मा, सहायक महाप्रबंधक दीपक गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक अरुणेश शर्मा ने किया। सिंटर प्लांट-3 के विभागाध्यक्ष व महाप्रबंधक एस वर्गीस, महाप्रबंधक जे. मोटवानी, महाप्रबंधक बी.एन. झा और महाप्रबंधक आलोक माथुर ने उच्चतम मानकों का पालन करते हुए अंजनाद्रि परियोजना का सफल निर्माण और क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। इस स्थान का एक मुख्य आकर्षण सिंटर द्वार है, आर.एल. बनर्जी द्वारा डिजाइन की गई उत्कृष्ट कृति ने जीवंत स्वरूप प्रदान किया है।

### ईवीएम का वार्डों में प्रदर्शन लोगों में दिखा उत्साह

**दुर्ग 5 फरवरी ।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन में मतदान हेतु ईवीएम का उपयोग किया जाएगा। ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र के हर वार्ड में ईवीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। आज दुर्ग निगम क्षेत्र के 4 वार्डों में शिविर लगाकर मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के बारे में वार्डवासियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे मशीन से चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और त्वरित बनाया जाता है। मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा उपायों का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचा जा सके। इस दौरान लोगों ने ईवीएम मशीन को जाना। स्थानीय निवासी ललित पटेल ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देने की प्रक्रिया की जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया। साधना ढीमर ने कहा कि ईवीएम मशीन से वोट देना आसान है और समय भी कम लगेगा।

वही प्रमिला यादव ने बताया कि हम सभी बहुत खुश है कि चुनावी त्योहार है, हम बहुत उत्साह के साथ वोट देने मतदान केन्द्र अवश्य जाएंगे। ईवीएम प्रदर्शनी की कड़ी के क्रम में 5 फरवरी को वार्ड 57 उरला, वार्ड 17 औद्योगिक नगर, वार्ड 21 तितुरडीह, वार्ड 27 पोलसायपारा, वार्ड 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड, वार्ड 4 मठपारा, वार्ड 36 गंजपारा, वार्ड 29 अस्पताल वार्ड, वार्ड 40 सुराना कालेज, वार्ड 45 पद्मनाभपुर, वार्ड 50 बोरसी भाठा, वार्ड 55 पुलगांव में ईवीएम का प्रदर्शन किया जएगा। इसी प्रकार 6 फरवरी को वार्ड 2 राजीव नगर, वार्ड 33 चण्डी मंदिर, वार्ड 31 लंगुरवीर मंदिर, वार्ड 41 केलाबाड़ी, वार्ड 46 पद्मनाभपुर, वार्ड 51 बोरसी बस्ती, वार्ड 19 शहीद भगत सिंह, वार्ड 58 उरला, वार्ड 18 औद्योगिक नगर, वार्ड 23 दीपक नगर, वार्ड 13 मोहन नगर और वार्ड 7 किल्ला मंदिर वार्ड में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक ईवीएम प्रदर्शन किया जाएगा।

# सेलूद के विकास के लिए कृतसंकल्पित होकर चहुंमुखी कार्य करूंगा: लवण बंजारे

■ कांग्रेस के बहुत ही वरिष्ठ नेता और यादव समाज के सम्मानित अशोक यादव ने भाजपा प्रवेश किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 5 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम सेलूद के सरपंच हेतु आज अंतिम दिवस में ढोल मनजीरे के थाप के साथ ग्राम देवता के आशीर्वाद लेकर महापुरुषों के तैलचित्र में माल्यार्पण कर नामांकन दाखिल किया गया द्य रैली भाठापारा के राधा कृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर रामजानकी मन्दिर, त्रिदिवसीय मानस गान स्थल की पूजा, ठाकुर देव, शीतला माता की पूजा, गुरुघासी दास बाबा में नारियल चढ़ाकर, स्व उदयराम स्मृति कुंज में महापुरुषों पर माल्यार्पण कर नामांकन दाखिल किया द्य जिसमें सरपंच पद हेतु भाजपा समर्थित लवण बंजारे, पंच हेतु धनेश्वरी बघेल वार्ड 1, ललिता वर्मा वार्ड 2, चम्मन साहू वार्ड 3, जय प्रकाश साहू वार्ड 4, डिलेश्वरी देवांगन वार्ड 5, गणेश्वरी साहू वार्ड 6, सुशील ठाकुर वार्ड 7, तिलेश्वरी साहू वार्ड 8, अनुपमा देवांगन वार्ड 9, राजू देवांगन वार्ड 10, सुश्री नीतू बंछोर वार्ड 11, सुनीता ठाकुर वार्ड 12, पार्वती ठाकुर वार्ड 13, सुनीता सेन वार्ड 14, सविता कुर्रे वार्ड 15, उषा यादव वार्ड 16, तामेश्वरी बंजारे वार्ड 17, वेंकट धनकर वार्ड 18, लक्ष्मी साहू वार्ड 19, चंचल यादव वार्ड 20 से नामांकन दाखिल किया है द्य भाजपा के रीतिनीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के बहुत ही वरिष्ठ नेता और यादव समाज के सम्मानित अशोक यादव ने भाजपा प्रवेश किया द्य निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू और शक्तिकेन्द्र के संयोजक रमेश देवांगन, टा मन लाल साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सेलूद, कृष्ण कुमार साहू, तारेंद्र बंछोर, चंचल यादव उपसरपंच, बूथ अध्यक्ष गन उमेश सिन्हा, जयंत साहू, यशवंत सेन, कामता वर्मा, किरण सोनवानी ने भगवा गमछा पहनाकर प्रवेश कराया द्य नामांकन रैली में स्वमेव जनता ने भाजपा के समर्थित प्रत्यशी पर विश्वास व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया द्य सौकड़ों की संख्या में जनता नामंकन रैली में शामिल हुए द्य निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि देश मे नरेंद्र मोदी की सरकार, प्रदेश में विष्णु देव की शासन और गांव में भाजपा समर्थित सियान बनाना है ताकि डबल इंजन की सरकार के साथ साथ ट्रिपल इंजन की सरकार विकास की गंगा मिलकर बहाए द्य शासन की योजना को जन जन तक पहुंचाने का काम लवण बंजारे के माध्यम से हो इसके लिए सेलूद की जनता उन्हें अपना आशीष प्रदान करेंगे द्य भाजपा शासन के एक एक योजना को गांव तक लाने काम सरपंच और उसकी पूरी पंच मिलकर काम करेंगे ।

## भाजपा प्रत्याशी दिव्या ने जनता से लिया जीत का आशीर्वाद

**उतई, 5 फरवरी।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती दिव्या कलिहारी जी का आज जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों क्रमशः देमार, पंदर , सिकोला एवं पाटन क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों के साथ भेंट मुलाकात कर जिला पंचायत चुनाव की जीत के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया एवं जिला पंचायत चुनाव के लिए शंखनाद प्रारंभ किया जिसमे बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# एसपी ने नेहरू युवा केन्द्र के वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 5 फरवरी।** कबीरधाम जिला के पुलिस कप्तान धर्मेंद्र सिंह के द्वारा आज दिनांक-04.02.2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सड़क सुरक्षा माह में माय भारत वालंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए उनको भविष्य में भी ऐसे आयोजनों से जुड़कर समाज सेवा करने के लिए आगे आने को कहा गया तथा उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना भी किये। इन वालंटियर्स ने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर आम जनो को यातायात के नियमों की जानकारी प्रदान कर जागरूक करने का कार्य किये है। इस अवसर पर उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, तथा नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सौरभ निषाद एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# फील्ड के अधिकारी-कर्मचारी जियो टैग के साथ कार्य स्थल की भेजेंगे फोटो

**भिलाई, 5 फरवरी।** नगर निगम भिलाई के 5 जोन में विभक्त है। प्रमुख रूप से जोन-1 नेहरू नगर, जोन-2 वैशालीनगर, जोन-3 मदर टेरेसा नगर, जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार एवं जोन-5 सेक्टर 06 कार्यालय का सेटअप है। जिसमें सफाई व्यवस्था, पेयजल, बोरिंग संधारण, फिल्टर प्लांट, वाहन शाखा, कांजी हाउस, तोड़फोड़ दस्ता, प्रधानमंत्री आवास, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन, संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक, आंगनबाड़ी, उद्यान, एस.एल.आर.एम. सेंटर, तालाब सीमांकन, प्रकाश व्यवस्था, इत्यादि कार्यो का संपादन एवं देखरेख का कार्य जोन स्तर के फील्ड के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रत्येक दिन प्रातः काल निगम क्षेत्र में हो रहे कार्यो का निरीक्षण करने निकलते हैं। शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो के प्रतिदिन का प्रगति प्रतिवेदन जीयो टैग लोकेशन फोटोग्राफ नगर निगम भिलाई के एक्टिविटी ग्रुप में भेजेगें। जिससे यह ज्ञात होगा, निगम क्षेत्र में हो रहे कार्यो का वास्तविक स्थिति पूर्व में क्या थी। निर्देश के बाद कार्यों का संपादन किस प्रकार से किया गया। फिल्ड के सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के अनुसार फील्ड में कार्य करेगें। उन्ही कार्यो का लोकेशन फोटोग्राफ प्रस्तुत करेगें, जिसकी समीक्षा की जायेगी।

# धनोरा में बाजे-गाजे के साथ निकली हनुमंत कथा की शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 5 फरवरी।** बाबा दरबार पावन धाम एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से महावीर उद्यान में आयोजित श्री हनुमान कथा श्री राम कथा एवं शतचंडी यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुई कलश यात्रा महावीर उद्यान से बजरंग पर बाजार चौक मेन गली शीतल पर कर्मा मंदिर बमलेश्वरी पर गोल्डन चौक होते कथा स्थल महावीर उद्यान पहुंची फिर विद्वान पंडितों के द्वारा पूजा पाठ कराया गया दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए एवं हाथ में केसरिया पताके लहराये जयकारा लगा रहे थे जय श्री राम जय हनुमान की प्रथम दिवस कथा वाचक पंडित दीपक महाराज दामोद बोरई वाले ने अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के बाद वैदिक मंत्रों से व्यास पीठ का पूजा किया तत्पश्चात पंडित दीपक महाराज ने अपने मुखारविंद से कथा प्रारंभ किया प्रथम दिवस की कथा में बताया कि श्री रामचरित मानस की जब रचना हुई ब्राह्मणों विद्वानों द्वारा इस ग्रंथ का बड़ा विरोध किया गया तब श्री मधुसूदन स्वामी जी के के द्वारा इस ग्रंथ की महिमा गयी गई फिर भी विरोध जारी रहा तब स्वयं काशी विश्वनाथ जीने इस पर अपनी मुहर लगा लगाई तथा जो रामचरित्र मानस अन्य ग्रंथों के नीचे दबा था पट खोलना पड़ा वही ग्रंथ सबसे ऊपर प्राप्त हुआ तब इसे लोगों ने स्वीकारा हैं। यह ग्रंथ लोगों को भक्ति व सरलता प्रदान करता है साथ ही जीवन का आदर्श स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन करता है हनुमान जी ऐसी भक्ति एवं सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं की राम जी को ही अपने वश में कर लेते हैं। जो आज हम सभी को भक्ति समर्पण कर्म तथा सुखी जीवन के अनेकानेक रहस्यो बताता है।

**जय मां चंडी चंडिका देवी**-शत् चंडी यज्ञ में बैठने वाले भक्तों का नाम 1 ललित मंजू साहू 2 बाबू लाल प्रमिला साहू 3 गुलाब साहू सुनीता साहू 4 मारियाल साहू ज्योति साहू 5 मनोज पटेल हितेश पटेल 6 दिनेश साहू कांति साहू 7 कल्याण देवांगन अंजू देवांगन 8 योगेश साहू देवश्री साहू संतोषी पारा 9 राजू देवांगन गीता देवांगन यज्ञ में बैठने वाले जजमान

श्री हनुमंत कथा एवं श्री राम कथा मे बैठने वाले जजमान श्री रोशन साहू प्रभा साहू डोड़की जालबांधा 2 श्री राजू यादव ललिता यादव सुभाष चौक बोरसी 3 श्री मनसुखा साहू लक्ष्मी साहू धनोरा इस आयोजन में मुख्य रूप से शामिल रहे विनोद साहू नंद सेन वासुदेव सपरे रोमानाथ साहू कुंजलाल पटेल कुंभकरण पटेल सुनिल पेंटर झब्बू साहू सुखीराम साहू शिवचरण साहू गोलू साहू भोलू चिंटू मुन्ना गंधर्व जीवरखन ठेकेदार दिनेश साहू दिनेश यादव चेतन साहू बबलू साहू गज्जू रायपुरिया बबीता साहू देविका साहू दुर्गा साहू कोशील्या साहू छायाकिरण साहू ललिता यादव सुलोचना ठाकुर पूरईन साहू टिकेश्वरी साहू कु. नेहा छोटी वेदुकुमारी पूजा साहू डिम्पल साहू बड़ी संख्या में आदि भक्तगण मौजूद रहे यहां जानकारी दरबार प्रतिनिधि चंद्रकांत कोसरे एवं कुंजलाल साहू ने दी

### सीए के घर में चोरी

**भिलाई ।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत एक सीए के घर से 50 हजार रुपए नगद और घड़ी समेत घरेलु सामान चोरी हो गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में ड्राइवर और नौकरानी के खिलाफ धारा 305 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी ए ब्लाक निवासी नवीन जैन (44 साल ) सीए है और सिविक सेंटर में उनका दफ्तर है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार की दोपहर करीब 3.30 बजे रायपुर से ड्राइवर के साथ अपने घर आए और अपना लैपटाप वाला बैग ड्राइग रुम में रख दिया। लैपटाप के बैग में 50 हजार रुपए की नगदी रखी थी। दूसरे दिन सुबह करीब 9 बजे पैसा वाला बैग चेक किया तो उसमें लैपटाप था, लेकिन नगद 50 हजार रुपए नहीं थे। इसके अलावा उसकी वॉच समेत अन्य छोटा सामान भी गायब था प्रकरण में सीए नवीन जैन ने नगदी और सामान के गायब होने के पीछ ड्राइवर और नौकरानी पर आशंका जाहिर की पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है ।

# सेजस पाटन में पूर्ण कराया गया एसएससी असाइनमेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,5 फरवरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पाटन में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत मीडिया एंड इंटरटेनमेंट की कक्षा 10वीं तथा 12 वी की छात्राओं को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसएससी असाइनमेंट पूर्ण कराया गया। यह कार्यशाला कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की सरकारी एजेंसी सेक्टर कौशल परिषद और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीएल) के निर्देशन पर आयोजित होती है, जिसमें अनिवार्य रूप से उद्योग की जरूरतों और कौशल विकास के बीच के अंतर को कम करने के लिए उद्योग के नेतृत्व वाले निकायों के रूप में कार्य करती है। व्यावसायिक मानक निर्धारित करके व प्रशिक्षण आयोजित करके विशिष्ट क्षेत्रों में व्यक्तियों को प्रमाणित करती हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है जो उन्हें भविष्य में जॉब और प्लेसमेंट में सहायक होगी। कार्यक्रम का आयोजन एनएसक्यूएफ तथा समग्र शिक्षा रायपुर के आदेशानुसार शाला के प्राचार्य पी.एल. सिन्हा, आईईपीएल के राज्य समन्वयक आदित्य पिल्लई एवं बृजेश शुक्ला के निर्देशन में शाला के व्यावसायिक प्रशिक्षक लालेश्वर देवांगन के द्वारा कराया जा रहा है।

# बीएसपी ने की अजजा छात्रावासों में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था

**भिलाई, 5 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत कांकेर जिला स्थित अनुसूचित जनजाति के दो छात्रावासों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु वाटर प्यूरीफायर स्थापित किया। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने 21 नवंबर 2024 को अपनी समिति के सदस्यों के साथ सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने संयंत्र द्वारा अनुसूचित जनजाति के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। आयोग के सचिव ने भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कांकेर जिले के दो छात्रावासों - पूर्व माध्यमिक कन्या छात्रावास, अलबेला पारा और आदिवासी कन्या आश्रम, सिंगारभाट, डूमर पारा में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। संयंत्र प्रबंधन ने अनुरोध पर विचार कर तत्काल कार्रवाई करते हुए सीएसआर अधिकारियों को दोनों छात्रावासों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद दोनों छात्रावासों में 50 लीटर क्षमता वाले एक्वागार्ड वाटर प्यूरीफायर लगाने का निर्णय लिया गया। 01 फरवरी 2025 को भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा दोनों छात्रावासों में वाटर प्यूरीफायर लगाया गया। छात्रावासों की छात्राओं और अधीक्षकों ने स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। यह पहल समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर गतिविधियों का हिस्सा है।

# म्यूल अकाउंट बेचने आए दो लोगों सहित खरीदार गिरफ्तार

**भिलाई, 5 फरवरी।** भिलाई आनलाइन ठगी के लिए म्यूल अकाउंट बेचने के लिए मध्यप्रदेश के अनूपपुर से आए दो आरोपित और एक खरीदार को स्मृति नगर चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिले में होने वाले वीआइपी मूवमेंट को देखते हुए पुलिस ने लाज में रुके लोगों की चेकिंग की थी इसी दौरान तीनों आरोपित पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318(4),61(2),111(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरविन्द सिंह संधू ने बताया कि स्मृति नगर के लैंडमार्क लाज की चेकिंग के दौरान तीन आरोपित मिले लाज के रजिस्टर में अनूपपुर निवासी संजय जायसवाल के रुकने की एंट्री थी जबकि रूम में जाकर चेक किया गया तो वहां से तीन लोग मिले पुलिस ने वहां रुके ग्राम कुरवा, सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम हाल निवास दीनदयाल कालोनी जुनवानी निवासी 28 वर्षीय सुनील कुमार विश्वकर्मा, सेक्टर-13 सी कालोनी राज नगर जिला अनूपपुर मप्र निवासी 38 वर्षीय संजय जायसवाल और रामनगर वार्ड पांच दुर्गा मंदिर जिला अनूपपुर हाल निवास महिंद्रा शो रूम के पास मनेंद्रगढ़ जिला एमसीबी निवासी 32 वर्षीय राजेश जायसवाल को हिरासत में लिया पूछताछ में उन्होंने आनलाइन ठगी के लिए म्यूल अकाउंट खरीदी बिक्री के संबंध में भिलाई आने की बात स्वीकार की आरोपितों से पांच मोबाइल चेक बुक एटीएम पासबुक और खाता से संबंधित सभी दस्तावेज व मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट को जब्त किया गया है रायपुर जीआरपी थाने में दर्ज कराई थी अकाउंट के गुम होने की रिपोर्ट जब पुलिस ने आरोपितों के सामान की तलाशी ली तो उनके पास से केनरा बैंक अनूपपुर का एक चालू खाता, एटीएम चेकबुक और एक मोबाइल मिला। साथ ही जीआरपी रायपुर में दी गई शिकायत की पावती मिली जिसमें उसी खाते के चेकबुक, पासबुक, एटीएम और मोबाइल गुम होने की सूचना थी जबकि आरोपितों के पास मिला। साथ ही जीआरपी रायपुर में दी गई शिकायत की पावती मिली जिसमें उसी खाते के चेकबुक पासबुक एटीएम और मोबाइल गुम होने की सूचना थी जबकि आरोपितों के पास के ही पासबुक, चेकबुक के साथ ही वो मोबाइल थे जिनके गुम होने की उन्होंने शिकायत की थी उनसे पूछताछ में पता चला कि वो खाता संजय जायसवाल के नाम पर थी संजय और राजेश जायसवाल कवर्धा निवासी सुनील विश्वकर्मा से अपने खाता को तीन लाख में बेचने के लिए आए थे मौके से पकड़े गए सुनील विश्वकर्मा ने खाता खरीदने के बाद दिल्ली के ठग को उसकी जानकारी दी थी जिसमें कुछ रुपयों रुपयों का संदिग्ध लेनदेन भी हुआ था।

# हादसे के जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए :ताम्रकार

***भिलाई, 5 फरवरी।*** *छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि पूर्व में कांग्रेस के नेताओं के द्वारा भिलाई पावर हाउस ओवरब्रिज पर से भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग कलेक्टर दुर्ग एवं जिला पुलिस अधीक्षक तथा डीएसपी यातायात दुर्ग भिलाई को ज्ञापन देकर की गई थी ।*

*फलस्वरूप सेक्टर वन के ओवर ब्रिज से पहले मुर्गा चौक पर उक्त पुल पर यातायात पुलिस द्वारा भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है एवं उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही करने का एक बैनर लगाकर इति श्री कर लिया । जिसके कारण आज इतनी बड़ी दुर्घटना घटित हुई अगर पत्र को संज्ञान में लेकर ओवरब्रिज से भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाकर पालन कराया जाता तो यह हादसा कदापि नहीं हो पाता इसलिए लापरवाही करने वाले यातायात विभाग के जो भी दोषी है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।*

## एक नजर

### किसानो को उचित कीमत पर यूरिया उपलब्ध कराये सरकार:ओमप्रकाश

**डोंगरगांव 5 फरवरी।** आम आदमी पार्टी के सदस्य एवं अधिवक्ता ओमप्रकाश ने राज्य सरकार से उचित कीमत पर यूरिया उपलब्ध कराने की माँग की हैं वर्तमान में सहकारी सोसाइटीयों में यूरिया 266.67 रूपये में दिया जा रहा हैं वहीं खुले बाजार दुकानों में यूरिया 400 रूपये में बेचा जा रहा हैं इस प्रकार से कुल 133 रूपये प्रति बोरी का अंतर हैं इस प्रकार से किसानो से यूरिया के नाम पर लूट का कार्य प्राइवेट दुकानदार कर रहे हैं तथा कृषि विभाग के अधिकारी आँख मुंद कर देख रहे हैं आप पार्टी के नेता के द्वारा राज्य सरकार से माँग की हैं कि सरकार किसानो को यूरिया प्राइवेट दुकानों में भी सहकारी सोसाइटी की दर पर किसानो को यूरिया उपलब्द कराये तथा वर्तमान में ज़ो उँची दर पर यूरिया बेच कर किसानो को लूटने का कार्य किया जा रहा उस पर कड़ाई से रोक लगाया जाये।

### इंग्लिश मीडियम स्कूल में बसंत पंचमी मनाई

**राजनांदगांव ,5 फरवरी।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्री - प्राइमरी के बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर विद्या बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया । शाला की शिक्षिकाएं सुश्री मिस्बा सानिया एवं श्रीमती माहेश्वरी देवी बाघमारे के मार्गदर्शन में बच्चों ने पीले वस्त्र धारण कर मां की आरती उतारी । इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी के प्राचार्य डॉ. एस के मिश्रा ने बताया कि मां सरस्वती की आराधना के लिए बच्चों ने पीले वस्त्र पहनकर भक्ति -भाव के साथ मां की मूर्ति पर तिलक किए । फूल अर्पित कर खुद के सुखद भविष्य के साथ उत्तम शिक्षा की कामना की । इस अवसर पर प्रसाद के अलावा शाला प्राचार्य ने सभी बच्चों को पेंसिल प्रदान कर आगामी परीक्षा में लेखन कार्य हेतु उपयोग करने कहा । पूजा के शुभ अवसर पर शाला प्राचार्य सहित अकाउंटेंट जावेद अहमद , वाहन चालक अजय पांडे , बच्चों की देखभाल की जवाबदारी उठा रही श्रीमती दुर्गेश्वरी , सोमनाथ , परमेश ने भी मां का आशीर्वाद लिया ।

### मोदी सरकार का बजट जनता के लिए निराशाजनक: भागवत साहू

**राजनांदगांव 5 फरवरी।** जिला कांग्रेस कम ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने मोदी सरकार के बजट पर नाराजगी भरी अपनी प्रतिक्रिया दी है उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल 2025-2026 के लिए शनिवार को संसद में बजट पेश किया। यह मोदी सरकार 3.0 का पहला पूर्णकालिक बजट है। निर्मला सीतारमण ने लगातार 8 वीं बार बजट पेश किया है। वित्त मंत्री का यह आम बजट में सभी वर्गों को निराश करने वाला बजट है। श्री साहू ने आगे कहा कि बजट में न महंगाई नियंत्रण का कोई प्रावधान है और न ही रोजगार का कोई रोडमैप हैं। आमजनों को बजट से बहुत उम्मीदें थीं कि परंतु इस बजट में ऐसा कुछ भी नहीं है। लोग इस बजट से ना उम्मीद हुए हैं। आयकर में 12 लाख तक की छूट देना हास्यास्पद लगता है। आज के समय में आदमी 12 लाख कमाएगा कहां से और जो काम रहा है उसका तो पहले से टैक्स भरने में चला जा रहा है बजट जिस विषय को लेकर पेश करना चाहिए उसे दरकिनार कर दिया गया है। इस विषय पर बजट केंद्रित होना चाहिए जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ है लोगों को भ्रम जाल में फसाने की कोशिश पिछली बार की बजट की तरह है इस बार भी हुई है। जिसमें राजनंदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ छल किया गया है। भाजपा सरकार हो भाजपा नीत सरकार चुनाव में और बजट में जनता को जनता से झूठ बोलने सिद्ध हस्त है। दुख की बात यह है कि बहुत से लोग उनके छलावे में आ भी जाते हैं जिसे समझना जरूरी है जो समझदार है वह इस बात का प्रचार अवश्य करते हैं। कि भाजपा और उनकी सरकार अथवा उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार कहां और कैसे क्यों छलावा करती है। जिस दिन जनता यह बात समझ जाएगी उस दिन से भाजपा के बुरे दिन शुरू हो जाएंगे।

### कार्यशाला में मीडिया को बताया कि ईवीएम से मतदान कैसे किया जाएगा

**राजनांदगांव 5 फरवरी।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत ईव्हीएम मशीनों की जागरूकता के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री हितेश्वरी बाघे उपस्थिति रही। इस दौरान सभी मीडिया प्रतिनिधियों ने ईव्हीएम से संबंधित जानकारी ली एवं अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। मास्टर ट्रेनर ने ईव्हीएम संचालन का प्रदर्शन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महापौर एवं पार्षद पद के लिए मतदान प्रकोष्ठ में दो बैलेट पेपर होंगे। महापौर या अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के लिए सफेद रंग का मतपत्र लगा होगा तथा पार्षद पद के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र लगा होगा। मतदाता मतदान प्रकोष्ठ में दो बैलेट पेपर में अपने पसंद के प्रत्याशी को बारी-बारी बटन दबाकर मतदान करेंगे। उन्होंने बताया कि महापौर या अध्यक्ष पद के लिए बटन दबाने पर बीप की आवाज आएंगी।

# ब्रह्मचारी धाम में बह रही भक्ति की धारा

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की आहुति प्रारंभ

**डोंगरगांव 5 फरवरी।** दर्री शिवनाथ नदी तट स्थित प्राचीन ब्रम्हचारी स्थल के पावन धाम में आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रह्मचारी के संरक्षण में आयोजित पांच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़।उमड़ने लगी है ,श्रद्धालु आश्रम में स्थित मंदिरों के दर्शन कर यज्ञ की परिक्रमा कर कृतार्थ हो रहे हैं ,विदित हो कि शिवनाथ नदी तट स्थित इस आश्रम में विगत पंद्रह वर्षों से यज्ञिक एवं दैवीय आयोजन संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी के पावन संरक्षण में होते आ रहे है ,जिसका।लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है । दो दिवसीय मानस संगोष्ठी में जुटी मानस प्रेमियों की भीड़। उक्त आयोजन के तहत धर्म मंच में दो दिवसीय मानस संगोष्ठी भी आयोजित है ,जिसमें प्रथम दिवस गजानन मानस परिवार ग्राम आरी , कोनारी के व्याख्याकार जागेश्वर साहू ग्राम बरहापुर बुंदेला , एवं बरसन टोला के व्याख्या कार तोमन प्रजापति के सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुति ने मानस प्रेमियों को भक्ति विभोर किया द्वितीय दिवस मानस संगोष्ठी में आंचल की ख्याति लब्ध मानस मंडली श्री राम आदर्श मानस प्रचार समिति कबीर मठ नादिया की मनोरम प्रस्तुति होगी जिसमें सिद्ध व्याख्याकार श्री तामेश्वर प्रसाद साहू प्रांतीय अध्यक्ष एवं चिरंजीवी हिमाचल प्रसाद साहू महामंत्री डोंगरगांव के द्वारा मानस के रहस्य को अपने व्याख्यान के द्वारा धर्म मंच से उद्धृत करेंगे इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रांत अध्यक्ष जगदीश देशमुख जी श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़, जिला अध्यक्ष पोषण शुक्ला जी तुलसी मानस प्रतिष्ठान राजनांदगांव, सुभाष यादव प्रांतीय सलाहकार, संभाग अध्यक्ष गुमान साहू, जिला इकाई के महामंत्री लक्ष्मण साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव सुरेश यादव, राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष चिंता हरण पटेल डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामखेलावन दुबे जी, छुरिया ब्लॉक अध्यक्ष मनक भंडारी, सहित श्री तुलसी मानक प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के मानस कारों का आगमन होगा यज्ञ के मीडिया प्रभारी विमल जैन ने अंचल के श्रद्धालुओं से उक्त कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# जनपद पंचायत क्षेत्र क्र.-11 के लिए कांग्रेस प्रत्याशी रवि कुमार साहू ने भरा नामांकन

**डोंगरगांव 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है इसी कड़ी में खुज्जी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 के लिए कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी रवि कुमार साहू ने अपना नामांकन फॉर्म जमा किया।नामांकन के समय में ही रवि कुमार साहू के समर्थन में ग्रामीणों की भीड़ देखने को मिली। ज्ञात हो कि रवि कुमार साहू वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भोलाराम साहू खुज्जी विधानसभा विधायक के सुपुत्र हैं पिता की भांति ही रवि कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्त्ता रहे है। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपने गृह क्षेत्र जनपद पंचायत क्रमांक 11 से टिकट देकर के लोगो की सेवा करने का मौका दिया है। ज्ञात हो कि युवाओ मे रवि काफ़ी चर्चित है साथ ही इनका सीधा सरल व्यवहार निश्चित ही इन्हे इसका फायदा मिलेगा साथ ही पिता के साथ रहते हुए इन्हे सालो का अनुभव भी मिला हुआ है। जो लोगो के बिच रहकर उनकी समस्याओ को समझने और निराकरण के लिए इन्हे पूर्वनुभाव भी है। रवि कुमार साहू की राजनीति करियर की बात करें तो वर्तमान में वह कांग्रेस में जिला महामंत्री के पद में रहकर कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति को लोगो तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं उन्होंने राजा खुज्जी में पूर्व में निर्विरोध पंच का चुनाव जीता हुआ है रवि पिछले कई वर्षों से कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे है । अपने प्रेस विज्ञप्ति में रवि ने बताया कि उन्हें जनपद क्रमांक 11 में सभी समाज, बड़े बुजुर्गों महिलाओं ,और युवाओं का आशीर्वाद चाहिए और जनता उन्हें एक बार मौका देती है तो निश्चित ही वह कई बड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन अपने जनपद क्षेत्र में करवाएंगे साथ ही जल, स्वच्छता ,स्वास्थ्य, विद्युत के विषय में होने वाली कई समस्याएं, स्वच्छ नाली और शासन से आने वाली सामाजिक और जन हितैषी कई योजनाएं जिनमें सामाजिक से लेकर लोगों के हित के काम आने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन करवाएंगे। साथ ही कहा कि खुज्जी,बढ़भूम, करेढी,बडगांव चारभाठा में उन्हें अपार जन समर्थन मिल रहा है युवा वर्ग उनके चुनाव लड़ने से हर्षोलायित है समर्थन का बढ़ता जन समूह उन्हें विजयश्री की ओर ले जाएगा।

# रामाटोला राज देवांगन समाज के अध्यक्ष नारायण देवांगन एवं सचिव नकुल देवांगन निर्विरोध निर्वाचित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 फरवरी।** रामा टोला राज देवांगन समाज का त्रैवार्षिक आम निर्वाचन रामाटोला राज स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव देवांगन समाज डोंगरगढ़ नवीन इकाई के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संपन्न किया गया जिसमें श्री नारायण देवांगन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।रामाटोला राज के अन्य पदाधिकारी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री रूपचंद देवांगन ठाकुरटोला कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नेत्त राम देवांगन लाल बहादुर नगर सचिव श्री नकुल देवांगन भोथली सहसचिव श्री हरिश्चंद्र देवांगन डोंगरगढ़ नवीन कोषाध्यक्ष श्री खम्हन देवांगन रामाटोला कार्यालयीन सचिव श्री भुवनेश्वर देवांगन मेंढ़ा एवं श्री जगपाल देवांगन चारभांठा को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार रामाटोला राज देवांगन समाज के अंतर्गत समस्त इकाई के पदाधिकारी का भी निर्वाचन संपन्न किया गया था जिसमें इकाई मेंढ़ा से अध्यक्ष श्री जग्गू राम देवांगन सचिव श्री अजय देवांगन डोंगरगढ़ पूर्व से अध्यक्ष श्री चुम्मन देवांगन सचिव श्री खुमेश देवांगन डोंगरगढ़ नवीन इकाई से अध्यक्ष श्री राम कुमार देवांगन सचिव श्री अभिलाष देवांगन भोथली से अध्यक्ष श्री बलराम देवांगन सचिव श्री हितेंद्र कुमार देवांगन चारभाठा से अध्यक्ष श्री राजकुमार देवांगन सचिव श्री देवेंद्र देवांगन लाल बहादुर नगर से अध्यक्ष श्री तोरण देवांगन सचिव श्री गोरेलाल देवांगन ठाकुरटोला से अध्यक्ष श्री देवीलाल देवांगन सचिव श्री ध्रुव देवांगन रामाटोला से अध्यक्ष श्री भागीरथी देवांगन एवं सचिव श्री कुलेश देवांगन को सर्व समिति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

## लखोली के आधा दर्जन वार्ड में मधुसूदन यादव लेंगे लीड

**राजनांदगांव 5 फरवरी।** नगर निगम चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान ने गति पकड़ ली है। सभी 51 वार्ड में लखोली एक ऐसा क्षेत्र है जहां छः वार्ड है जिसमें कन्हारपुरी भी शामिल है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविंद्र रामटेके और भाजपा नेता प्रकाश यादव ने जारी अपने बयान में कहा कि लखोली क्षेत्र के सभी आधा दर्जन वार्ड वार्ड क्रमांक 31 से 36 तक में भाजपा एक तरफ जीत हासिल करेगी वहीं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव भी भारी बहुमत से लीड लेंगे। श्री रामटेके व श्री यादव ने बताया कि क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा को भारी बहुमत से जीताने का संकल्प पहले ही कर लिया है। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों में तो और खासा उत्साह देखा जा रहा है। 5 साल तक पिछड़ापन का दर्द झेलने वाला शहर अब विकास की दौड़ में आगे निकल रहा है। जिसमें लखोली क्षेत्र के कई सड़कों का डामरीकरण होने कई नालियां बनने से खुशी की लहर है साफ सफाई व्यवस्था भी पहले से सुधरी है। इससे नागरिकों में भाजपा सरकार के प्रति भारी खुशी देखने मिल रही है और मतदान के लिए 11 फरवरी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पार्टी के प्रचार प्रसार के दौरान भाजपा के पक्ष में मतदाता भी बड़ी संख्या में शामिल होकर और लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। लखोली व कन्हारपुरी वार्ड के भाजपा प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में सघन जनसंपर्क कर रहे हैं और भाजपा सरकार की योजनाओं को लोगों को बता रहे हैं डबल इंजन की सरकार के साथ थी ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास की गंगा बहेगी।

## समाचार संक्षेप

### आयुक्त ने शहर में चल रहे सड़क डामरीकरण का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 4 फरवरी।** शासन स्वीकृति अनुसार नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न सड़कों में डामरीकरण कराया जा रहा है। जिसका निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निरीक्षण कर मापदण्ड के अनुरूप डामरीकरण कराने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। वर्तमान में सृष्टि कालोनी, गौरव पथ, राजीव नगर, शिव नगर के पास, सिविल लाईन एस.पी. आफिस के पास, जीवन विहार कालोनी, मोतीपुर क्षेत्र में डामरीकरण कार्य चल रहा है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा शहर में चल रहे डामरीकरण कार्य में सृष्टि कालोनी के डामरीकरण कार्य का निरीक्षण कर शासन मापदण्ड के अनुरूप डामरीकरण कराने के निर्देश तकनीकि अधिकारियों को दिये। उन्होने सृष्टि कालोनी का डामरीकरण कार्य देख कहा कि इसी प्रकार डामरीकरण में सही तरीके से रोलिंग करे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के पूर्व संबंधित क्षेत्र से गाड़िया हटवा लेवे, क्षेत्रवासियों से डामरीकरण में सहयोग करने अपील करे। जिस क्षेत्र में डामरीकरण किया जाना है, उस क्षेत्र के पाईप लाईन नल कनेक्शन आदि की जॉच कर दुरूस्त कर लेवे, ताकि डामरीकरण पश्चात रोड खोदने की स्थिति निर्मित न हो। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि प्राथमिकता तय कर डामरीकरण कार्य करे तथा शासन द्वारा निर्धारित माप दण्ड के अनुसार डामरीकरण हो, सभी उप अभियंता डामरीकरण के दौरान अपने अपने प्रभारित वार्ड में उपस्थित रहे। इसके अलावा डामर प्लांट में मेट एवं उप अभियंता डामर की मात्रा, गिट्टी मिक्सींग की जॉच करे, तत्पश्चात डामरीकरण करावे। उन्होंने कहा कि डामरीकरण के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिये एक-एक तरफ डामरीकरण कराये। सभी तकनीकि अधिकारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान देवे।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम इंसानों को 1 माह में ढूंढ निकाला

**राजनांदगांव 5 फरवरी।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री दीपक कुमार झा के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग कि निर्देशन पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों को आपरेशन मुस्कान के तहत गुम/अपहृत (बालक/बालिकाओं) एवं गुम इंशान की खोजबीन कर बरामद करने एवं आरोपियों के विरूद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही करने हेतु कहे जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में अपने-अपने अनुविभाग में नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक, एस.डी.ओ.पी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया, एस.डी.ओ.पी. डोंगरगढ़ श्री अशीष कुंजाम के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरणों पर विशेष रूचि लेकर थाना कोतवाली के 04 प्रकरण, थाना बसंतपुर के 02 जिसमें 01 प्रकरण में गुम बालिका को राजस्थान से बरामद किया गया। थाना सोमनी के 02 प्रकरण, थाना लालबाग के 02 प्रकरण, थाना डोंगरगढ़ के 07 प्रकरण, जिसमें से 03 प्रकरणों 02 बालक, 01 बालिका को हैदराबाद, भंडारा (महाराष्ट्र), नागपुर (महाराष्ट्र), जबलपुर (मध्यप्रदेश) से बरामद किया गया। थाना डोंगरगांव के 04 प्रकरण, थाना बागनदी के 01 प्रकरण, थाना छुरिया के 01 प्रकरण, थाना बसंतपुर- थाना बसंतपुर के 01 प्रकरण में प्राथिया रिपोर्ट दर्ज करायी इसकी नाबालिक पुत्री घर से गार्डन जा रही हूँ, कहकर निकली है, जो अब तक घर वापस नही आयी है। पतासाजी के दौरान राजनांदगांव शहर के चौक चौराहे के सी0सी0टी0व्ही0 फुटेज कां खंगाला गया। जिस पर अपहृता के रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव की ओर जाते दिखायी दिया। उक्त के संबंध में रेल्वे पुलिस से समन्यव स्थापित कर उक्त अपहृता बालिका कोटा (राजस्थान) रेल्वे स्टेशन पर मिलने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल थाना बसंतपुर से टीम रवाना किया गया। कोटा (राजस्थान) में अपहृत को थाना वापस लाया जाकर अपहृता को उनकी माता जी को सुपुर्द किया गया। थाना गैंदाटोला - थाना गैंदाटोला के 01 के प्रकरण में गुम बालिका को नाबालिक बालिका की एक बहन पहले ही अपने घर से शादी करके दिल्ली में रह रही थी जिसके पति के मोबाइल नंबर का नंबरों का एनालिसिस किया गया जिसके आधार पर आंध्र प्रदेश में चल रहे मोबाइल नंबर का तकनीकी साधनों से पता लगाया गया कि उक्त नंबर नाबालिक द्वारा उपयोग किया जा रहा है और इसी के आधार पर थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा गुम बालिका को हैदाबाद (तेलंगाना) से दस्तायाब किया गया। ओपी मोहारा - ओपी मोहारा के 01 प्रकरण में गुम नाबालिक बालिका की कायमी दिनांक से लगातार पता तलाश किया जा रहा था। पता तलाश दौरान मुखबीर की सूचना पर दिनांक- 09.01.2025 को जबलपुर (मध्य प्रदेश) से बरामद किया गया है। अपहृता का महिला पुलिस अधिकारी से कथन लेख कराने पर आरोपी सागर मानिकपुरी उर्फ स्वरूप दास निवासी सनडोंगरी थाना कबीरनगर जिला रायपुर के द्वारा पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित करना बताए जाने से आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर जेल दाखिला किया गया। विगत 01 माह में ऑपरेशन मुस्कान के तहत् 04 बालक एवं 21 बालिक कुल 25 अपहृत नाबालिकों को बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। राजनांदगांव पुलिस ने तलाश कर उनके माता-पिता को सुपुर्द किया तो उनके मुरझाए चेहरे फिर से खिल उठे।

# सड़क पर अश्लील गाली-गलौज के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**छुरिया 5 फरवरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी देवेन्द्र चंद्रवंशी निवासी टाटेकसा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 03/02/2025 को ग्राम हालेकोसा में मंडाई होने से वह अपने दोस्तों के साथ ग्राम भण्डारपुर आए थे तथा मंडाई देखकर हालेकोसा से घूमने के लिए रात करीब 10:00 बजे छुरिया के लिए मोटर साइकिल से निकले थे ।

हालेकोसा मोड के आगे पहुंचे थे तभी उनके मोटर साइकिल के आगे स्कूटी में तीन सवार अजय पटोरिया, तुषार अग्रवाल, जतीन गोस्वामी उन्हें ओव्हर टेक व कट मार रहे हो कहकर मां बहन की अश्लील गाली देते हुए उनके मोटर साइकिल को लात से मारकर इन लोगों को मोटर साइकिल सहित गिरा दिए तथा तीनों हाथ मुक्का झापड़ व लात से इनको मारने लगे तथा एक लड़का चाकू जैसा हथियार से उसे पीठ में तथा विक्रम कंवर को कुल्हे के पास मारा जिससे वह बेहोश जैसा हो गया था कि बाद में गांव के मुकेश एवं त्रिदेव कंवर गाड़ी लेकर आये व उसे तथा विक्रम कंवर को बैठाकर भण्डारपुर ले गए थे जहां से डायल 112 को कॉल कर गांव वाले बुलाए तब 112 वहां से छुरिया अस्पताल लेकर आए तथा उपचार कराये है प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा , अनुश्अधिकारी पुलिस डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आरोपियों का पता तलाश कर पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से दो पहिया वाहन से ओव्हर टेक करने की बात पर आहतों को हाथ मुक्का व लात से मारपीट करना तथा आरोपी अजय पटोरिया अपने मेमोरेण्डम कथन में धार दार चाकू से वार करना स्वीकार करने से चाकू को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्तिपत्रक जप्त किया गया। आरोपी तुषार अग्रवाल से घटना में प्रयुक्त बिना नंबरी नीला रंग की होण्डा एक्टिवा जप्त किया गया। आरोपी अजय उर्फ अज्जु के द्वारा धारदार चाकू को प्रयुक्त किये जाने से प्रकरण में पृथक से धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट जोडी गई ।

# डोंगरगढ़ रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर में मिला था भिखारी का शव

## डेढ़ वर्ष बाद भी नही आया कोई परिजन

**डोंगरगढ़ 5 फरवरी।** डोंगरगढ़ रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर में डेढ़ वर्ष पूर्व एक अज्ञात भिखारी का शव मिला था जिसकी सूचना वार्ड नं 5 के पार्षद कृष्णा लिल्हारे ने डोंगरगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाई थी। जिसमें मर्ग क्रमांक 56/2023 धारा 174 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कृष्णा लिल्हारे ने बताया था कि एक अज्ञात व्यक्ति जो रेलवे इंस्टीट्यूट के पास रहकर अपना जीवन यापन करता था 19 जून 2023 को उसका शव परिसर में ही मिला। उक्त व्यक्ति की उम्र लगभग 62-63 वर्ष है जिसने सफेद कलर का हॉफ शर्ट व सीमेंट कलर का फूल पेंट पहना हुआ है। डेढ़ वर्ष बाद भी इनका कोई परिजन सामने नहीं आया है। जिस किसी को भी इनके विषय में कोई जानकारी प्राप्त होती हैं तो वो डोंगरगढ़ पुलिस थाना प्रभारी के 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम के 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय के 07744226399 पर सूचना दे सकते हैं।

## प्रथम दिवस छात्राओं को वस्त्र विज्ञान की दी गई जानकारी

# कार्यशाला में महिला उत्थान के लिए प्रिंटिंग,टाई एवं डाई की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 फरवरी।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के तहत नोडल महाविद्यालय शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के आपसी सहयोग एवं समन्वय के तहत महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय की छात्राओं हेतु प्रिंटिंग, टाई एवं डाई (कपड़े रंगाई करने की तकनीक) विषय पर 5 दिवसीय कार्यशाला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती ई.व्ही रेवती के दिशा निर्देशन एवं गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी के नेतृत्व में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिवस 4 फरवरी को कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ई वी रेवती ने कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को इस कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वरोजगार के क्षेत्र में छात्राओं को आत्मनिर्भर होने हेतु उक्त 5दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वरोजगार के लिए वित्त ही नहीं, अपितु साहस भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस 4 फरवरी द्य को मुख्य वक्ता के रूप में वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह उपस्थित रहे ।उन्होंने अपने वक्तव्य में वस्त्र विज्ञान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हमारे भारतवर्ष में सूती वस्त्र का आविष्कार हुआ। यदि कपड़ा न होता तो संस्कृति का विकास नहीं होता। कपड़ा उत्पादन में विज्ञान का प्रमुख योगदान है।गुड़हल ,कॉटन, भिंडी एक ही तरह के पौधे हैं, उनकी स्किन फाइबर के लिए इस्तेमाल होती है। जूट के क्षेत्र में भी भारतवर्ष उच्च शिखर पर है तथा जूट पर भारत का एकाधिकार है। वस्त्र विज्ञान में वस्त्र बनाने के तरीके, रखरखाव, डिजाइन का अध्ययन किया जाता है। पीएम मुद्रा लोन, खादी ग्राम उद्योग महिलाओं को इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए लोन भी प्रदान करता है। हुनर के लिए अभ्यास चाहिए इसमें सक्रिय होकर छात्राए आत्मनिर्भर हो सकती है । आइक्यूएसी पद्व एवं पीएम उषा योजना के प्रभारी डॉ आर.आर कोचे ने कहा कि कौशल विकास के बिना स्वरोजगार असंभव है ।अतः छात्राओं को स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम अत्यंत लाभदायक है। छात्राएं स्वयं आत्मनिर्भर बने और अपने आसपास के लोगों को प्रेरित भी करें। कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी एवं आभार प्रदर्शन महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. श्रीमती आशा चौधरी द्वारा किया गया।

## संपादकीय

# साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता

राजनीतिक फायदे के लिए राजनीतिक दल किसी भी हद तक जा सकते हैं,झूठ कह सकते हैं, देशविरोधी ताकतों के साथ मिलकर साजिश भी कर सकते हैं। आम लोगों की जान को खतरे में डाल सकते हैं। ऐसी स्थिति पैदा कर सकते हैं कि सौ दौ सौ लोगों की जान चली जाए, इसी आधार पर किसी राज्य की सरकार को बदनाम किया जाए। सरकार ने अच्छी व्यवस्था नहीं की थी, इसलिए लोगों की जान चली गई। पूर्व सीएम अखिलेश यादव तो शुरू से ही कुंभ को लेकर राजनीति करते रहे हैं कि इस बार जनता के लिए अच्छी व्यवस्था नहीं की गई है। लोगों को परेशानी हो रही है, लोगों को ज्यादा पैदल चलना पड़ रहा है। मेला क्षेत्र में घोर अव्यवस्था है, इससे मेला आने वालों को परेशानी हो रही है। मेला आने वाले लोगों ने मीडिया ने रोज पूछा कि मेला में कैसी व्यवस्था है, मेला आए करोड़ों लोगों ने मेले में आने,रहने,खाने,सुरक्षा सहित सभी तरह की व्यवस्था की खूब तारीफ की। इससे साफ हो गया था कि जो लोग मेले में अव्यवस्था की बात शुरू से कर रहे थे, वह झूठ कर रहे थे। योगी सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे, योगी जानते थे कि मेले में अव्यवस्था की बात विरोधी लोग जरूर उठाएंगे और मेले में व्यवस्था के लिए सरकार को फेल बताने का प्रयास करेंगे। इसलिए जो भी संभव व्यवस्था हो सकती थी योगी ने की थी। सबको पता था कि मौनी अमावस्या को सबसे ज्यादा भीड़ रहेगी। इसके लिए योगी सरकार ने अच्छी व्यवस्था की थी लेकिन भीड को कुछ देर के लिए मैनेज नहीं कर पाने के कारण कुछ मिनट भगदड़ मची यानी लोगों की भीड़ बैरिकेड तोड़कर घाट की तरफ बढ़ गई और इसी दौरान घाट पर सोए हुए लोगों के कुचले जाने से 30 लोगों की मौत हो गई और 90 लोग घायल हो गए थे, जिनको तुरंत अस्पताल पहुंचा गया, इलाज करवाया गया। मेले की व्यवस्था को तुरंत सामान्य बनाया गया ताकि करोड़ों स्नान करने आने वाले स्नान करके अपने घर जा सके। यानी लोग जिस काम के लिए मौनी अमावस्या के दिन त्रिवेणी संगम आए थे, वह काम यानी आस्था की डुबकी लगाकर गए। इस दिन दस करोड़ आने का अनुमान था। लेकिन भगदड़ के कारण करोड़ो लोगों को रास्ते में ही रोक दिया ताकि कुंभ में और ज्यादा भीड़ न हो सके। फिर भी मौनी अमावस्या के दिन सात से आठ करोड़ लोगों का स्नान कर पाना योगी सरकार की बड़ी सफलता है। पहले दिन तो भगदड़ को स्वाभाविक भीड़ के कारण होने वाला भगदड़ माना गया। लेकिन जब दूसरे तीन यह खबर आई कि दो तीन जगह भगदड़ मची तो योगी सरकार ने साजिश की आशंका जताई कि मेला में भगदड़ मचाने के लिए मौनी अमावस्या के दिन को चुना गया हो सकता है क्योंकि ज्यादा भीड़ के कारण स्वाभाविक रूप से माना जाएगी भगदड़ मची। एक जगह भगदड़ मचाने का प्रयास फेल हो गया तो मेला में भगदड़ मचाने के लिए आए लोगों या किसी संगठन की तरफ से भेजे गए लोगों ने दो तीन जगह भगदड़ मचाने का प्रयास किया लेकिन वह बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे सके। योगी सरकार ने मेला क्षेत्र में भगदड़ की जांच के आदेश दे दिए हैं। अभी जांच चल रही है, जांच पूरी नहीं हुई है और अखिलेश यादव सहित विपक्ष इस मुद्दे को संसद में जोरशोर से उठा रहा और सरकार से मांग कर रहा है कि मरने वालों के आंकडे बताएं जाएं, लापता होने वालों के आंकड़े बताए जाएं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने तो संसद में कह दिया कि हजारों मारे गए हैं,वह भी बिना कोई सबूत और कहा कि यदि मेरी बात झूठ साबित होती है तो मैं माफी मांग लूंगा। वह संसद का उपयोग कर देश को बताना चाहते थे कि महाकुंभ में मची भगदड़ में हजारों लोग मारे गए हैं और वह इसमें कुछ दिन के लिए तो सफल हो गए। सपा नेता रामगोपाल यादव ने तो और अति कर दी उन्होंने कहा कि जिस तरह कोरोंना के समय लाशें नदी में बहा दी गई थी, उसी तरह लाशें हो सकता है कि गंगा में बहा दी गई हों, मेला क्षेत्र में दफना दी गई हो, मेले के बाद देखना जरा सा खोदने पर मेला क्षेत्र में लाशें मिलेंगी। महाकुंभ में अव्यवस्था से मारे गए लोगों की बात अखिलेश यादव ने संसद में जानबूझ कर उठाई क्योंकि वह जानते थे कि सरकार जांच होने तक कोई आंकड़ा बताने वाली नहीं है। अखिलेश यादव कोई यूपी से जुड़ा मुद्दा उठाए तो ऐसा हो नहीं सकता कि कांग्रेस उस मुद्दे को न उठाए, अखिलेश ने तो संसद में कुंभ में मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या ही पूछी। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने मरने वालों की संख्या हजारों बता दी। भाजपा की तरफ से संसद में रविशंकर ने संकेत दिया कि सनातन विरोधियो ने सनातन को बदनाम करने के लिए महाकुंभ में भगदड़ी की साजिश की हो। इस एंगल से यूपी सरकार जांच कर रही है, सीसीटीवी कैंमरे में कई संदिग्धों को भगदड़ के पहले देखा गया है, उनकी पहचान की जा रही है।उन्होने कहा विपक्ष इस मुद्दे को उठाकर सनातन को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। कौन नहीं जानता है कि हर बार संसद सत्र पहले कुछ न कुछ ऐसा प्रयास किया जाता जिससे संसद में हंगामा हो और संसद सत्र न चल सके। इस बार लगता है कि बाहरी ताकतों के फेल होने का कारण देश के भीतर की देशविरोधी ताकतों ने महाकुंभ को अपना निशाना बनाया है, उनको पता था कि महाकुंभ तो बहुत दिनो तक चलेगा और इस दौरान कुछ तो ऐसा हो सकता है या किया और कराया जा सकता है जिसके आधार पर संसद में हंगामा किया जा सके और मोदी व योगी सरकार को महाकुंभ के आयोजन में फ्रेल साबित किया जा सके।योगी सरकार को कुंभ के आयोजन को लेकर फेल बताने के पीछे मकसद राजनीतिक है क्योंकि जो अगला विधानसभा चुनाव होना है, उसे महाकुंभ के आयोजन भी एक मुद्दा रहेगा कि सरकार ने यह ऐतिहासिक आयोजन कर सनातन की कैसी सेवा की है। ऐसी सेवा आज तक सनातन की किसी ने नहीं की है, इसलिए अखिलेश यादव इस आयोजन में मीनमेख ही निकालते रहे हैं ताकि चुनाव में उनके पास भी कुछ तो कहने के लिए रहना चाहिए।योगी की असफलता को यह कहकर प्रचार किया जा रहा है कि भगदड़ में लोग मरे हैं, वह मरने वालों की संख्या नहीं बता रहे हैं,सरकार की तरफ से तो पहले ही बता दिया गया है कि तीस लोगों की मौत हुई और 90 घायल हो गए है, इस पर संतोष करना चाहिए और जब भगदड़ की जांच चल रही है तो न तो मरने वालों के बारे में न पूछना चाहिए न ही झूठ कहना चाहिए कि एक हजार, दो हजार मारे गए, मारे गए लोगों की लाशं बहा दी है, जमीन में गाड़ दी गई है। जांच पूरी होने पर सच सामने आ जाएगा,तब तक सबको इंतजार करना चाहिए।

गंभीर समस्या

मनोज कुमार अग्रवाल

# शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग के नाम पर क्रूरता के शिकार निर्दोष छात्र

केरल के कोच्चि में 15 वर्षीय स्कूली छात्र ने छब्बीस वीं मंजिल से छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली।यह बेहद दुखद और दिल दहलाने वाला मामला है। इस नाबालिग छात्र की आत्महत्या के पीछे रैगिंग एक मात्र बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है।कालेज कैंपस में छात्र-छात्राओं के साथ सीनियर छात्र अब रंग नस्ल क्षेत्र के आधार पर आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। आपको बता दें कि अभी दो माह पहले गुजरात के एक मेडिकल कॉलेज में एक छात्र पर सीनियर छात्रों की तरफ से किए गए रैगिंग की हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी जहां पर 18 साल के मेघावी एमबीबीएस छात्र अनिल मेथानिया की मौत हो गई थी अनिल को उसके सीनियर्स ने रैगिंग दौरान करीब तीन घंटे तक खड़े रखा और लगातार डांस करने के लिए मजबूर किया जिसके बाद वह बेहोश हो गया और मौत हो गई। यह घटना शनिवार रात पाटन के धारपुर में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के हास्टल में हुई।आए दिन इंजीनियरिंग मेडिकल व मैनेजमेंट कालिजों से लगातार छात्रों के साथ रैगिंग के नाम पर अभद्रता शारीरिक शोषण व मानसिक प्रताड़ना के मामलों की झड़ी लगी है। सख्त कानून बनाने के बावजूद रैगिंग पर रोक नही लग पाना हमारे सिस्टम के नाकारापन का सबूत है वहीं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं के जीवन को लील रहा है सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं द्वारा हर साल आत्महत्या की जा रही है। यह घटनाएं पूरे परिवार को दुख और अवसाद मे धकेल देती हैं जिनकी कोई भरपाई नहीं है। कोच्चि में छात्र की आत्महत्या के बाद, उसकी मां ने आरोप लगाया है कि क्रूर रैगिंग ने उसके बेटे को तोड़ दिया और उसे मौत के मुंह में धकेल दिया। इंस्टाग्राम पर की गई एक पोस्ट में राजना ने आरोप लगाया कि उसके बेटे मिहिर अहमद को जमकर पीटा गया, गंदी गालियां दी गईं और उसे टॉयलेट सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया।पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन मिहिर की मां ने कहा है कि उन्होंने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के कार्यालय और केरल पुलिस प्रमुख को पत्र लिखकर अपने बेटे की मौत की तत्काल और निष्पक्ष जांच की मांग की है। मिहिर ने 15 जनवरी को कोच्चि के त्रिपुनिथरा में अपने 26वीं मंजिल के फ्लैट से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मिहिर ने यह कदम स्कूल से लौटने के करीब एक घंटे बाद उठाया। मिहिर की मां ने कहा कि उसे उसके रंग के कारण भी परेशान किया जाता था।

मिहिर की मां ने कहा, बेटे की मौत के बाद मेरे पति और मैंने यह समझने के लिए जानकारी जुटानी शुरू की कि मिहिर ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। उसके दोस्तों, क्लासमेट से बातचीत और सोशल मीडिया मैसेज की समीक्षा करके हमने उसकी भयावह सच्चाई को उजागर किया। मिहिर को स्कूल और स्कूल बस में छात्रों के एक ग्रुप की ओर से क्रूर रैगिंग, धमकियां और शारीरिक हमले का सामना करना पड़ा था। हमने जो साक्ष्य एकत्र किए हैं, वे एक भयावह तस्वीर पेश करते हैं। मिहिर को पीटा गया, उसके साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किकिया गया। मिहिर ने जिस दिन सुसाइड किया उस दिन सुबह भी उसे अपमान सहने के लिए मजबूर किया गया। मिहिर को जबरन शौचालय में ले जाया गया, शौचालय की सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया और फ्लश करते समय उसका सिर शौचालय में धकेल दिया गया। क्रूरता के इन कृत्यों ने उसे इस तरह से तोड़ दिया कि हम समझ नहीं सकते। राजना पीएम ने कहा कि मिहिर के दोस्तों ने न्याय की मांग को बढ़ाने के लिए जस्टिस फॉर मिहिर नाम से एक इंस्टाग्राम पेज शुरू किया था। हालांकि, अब पेज हटा दिया गया है, और ऐसी खबरें हैं कि स्कूल सच्चाई को दबाने के लिए छात्रों को डरा रहा है। जब मैंने सबूतों के साथ स्कूल अधिकारियों से संपर्क किया और

जवाबदेही की मांग की, तो उन्होंने मुझे केवल यह बताया कि सूचना पुलिस को भेज दी गई है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि वे स्कूल की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए इन घटनाओं को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं, उन्होंने कहा। किशोर की मां ने कहा कि उन्होंने तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय और डीजीपी से संपर्क किया है। मुझे डर है कि डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने में देरी से अपराधी अपने निशान मिटा सकते हैं। उन्होंने लिखा, उसकी मौत के बाद भी उन्होंने क्रूरता नहीं रोकी। एक चौंकाने वाला चैट स्क्रीनशॉट उनकी क्रूरता की हद को दशार्ता है।उन्होंने संदेश भेजा वह वास्तव में मर गया और उसकी मौत का जश्न मनाया। राजना पीएम ने कहा कि उन्होंने इस घटना की शिकायत केरल राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से भी की है। जानकारी के अनुसार, बाल अधिकार निकाय के अध्यक्ष ने पुष्टि की है कि पैनल ने किशोर की दुखद मौत पर ध्यान दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि स्कूल के उप-प्रधानाचार्य ने मिहिर को परेशान किया। मातृभूमि की रिपोर्ट के अनुसार, केरल के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने इस भयावह घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं। सामंथा रूथ प्रभु, कीर्ति सुरेश और पृथ्वीराजसमेतकई फिल्म जगत की कई मशहूर हस्तिओं ने रैगिंग के खिलाफ आवाज उठाई है। मिहिर की मौत पर शोक व्यक्त किया है। सामंथा रूथ प्रभु ने कहा, इस खबर ने उन्हें पूरी तरह से तोड़ दिया है। यह 2025 है। फिर भी, हमने एक और उज्ज्वल युवा जीवन खो दिया है, जो कुछ व्यक्तियों द्वारा, घृणा और विष से भरे होने के कारण समाप्त हो गया! उन्होंने कहा, मिहिर की मौत याद दिलाती है कि बदमाशी, उत्पीड़न और रैगिंग केवल हानिरहित परंपराएं या संस्कार नहीं हैं। मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और कभी-कभी शारीरिक हिंसा का रूप भी लेती हैं। हमारे पास स्पष्ट रूप से सख्त रैगिंग विरोधी कानून हैं, फिर भी हमारे छात्र चुपचाप पीड़ित होते रहते हैं, बोलने से डरते हैं। वे परिणामों से डरते हैं, डरते हैं कि कोई उनकी बात नहीं सुनेगा। हम कहां चूक रहे हैं?अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, माता-पिता, घर, शिक्षक, स्कूल, सहानुभूति ही पहला सबक है। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने किशोर की मौत को दिल दहला देने वाला बताया। कीर्ति सुरेश ने कहा, अगर स्कूल में रैगिंग शुरू हो जाती है और बच्चों के एक समूह ने एक लड़के को इस हद तक प्रताड़ित किया है कि उसने अपनी जान ले ली, तो यह कितनी शर्म की बात है! दुखी माँ और उसके परिवार के बारे में सोचना बंद नहीं कर पा रही हूं। क्या हमारे कालेज शिक्षा के स्थान पर रंग व नस्ल भेद क्षेत्रवाद के आधार पर बच्चों के शोषण का अड्डा बनाए जाएंगे। ऐसी शिक्षा का क्या फायदा है जो छात्रों को इंसान ही नहीं बना पाए रही है और उनके हैवानियत भरे अपराधों पर परदा डालने वाला प्रबंधन व सरकार भी बराबर के जिम्मेदार हैं जरूरत इन घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ऐसा इंतजाम सुनिश्चित करने की है ताकि एक अभिभावक सुरक्षा के अहसास के साथ अपनी संतान को शिक्षा के लिए भेज सके।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कोई बदलाव कर सकते हैं। आप अत्यधिक लाभ के चक्कर में छुटपुट लाभ पर ध्यान कम देंगे। नौकरी में आपके बॉस आपके किसी सुझाव से काफी खुश होंगे। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। आप अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। आप अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो बेवजह के लड़ाई-झगड़े हो सकते हैं।

वृषभ- आज आपको अपने कामों को लेकर धैर्य दिखाने की आवश्यकता है। आपको किसी काम को लेकर यदि नॉलेज ना हो, तो उसमें आप आगे ना बढ़ें। आपको किसी ससुराल पक्ष के व्यक्ति से धन लाभ मिलता दिख रहा है। माताजी को आप किसी धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते हैं। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा। नवविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती हैं। आप परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर परेशान रहेंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस में कुछ नए कर्म को शामिल करेंगे। परिवार में खुशियां भरपूर रहेंगी। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को समझदारी दिखाते हुए अपने रिश्ते को निभाना होगा, क्योंकि किसी बाहरी व्यक्ति के आने के कारण खटपट होने की संभावना है। आपको मेहनत अनुसार फल मिलने से खुशियां बनी रहेगी, लेकिन आप अपने कामों के साथ-साथ संतान के करियर को लेकर कोई डिसीजन लेंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। व्यवसाय में आप कुछ योजनाओं को लेकर पार्टनरशिप कर सकते हैं। आपको अपने आलस्य को त्यागकर कामों में आगे बढ़ना होगा, तभी आपके काम समय से पूरे होंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई पुरस्कार मिल सकता है। आपको नौकरी के सिलसिले में किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह- सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको बेवजह के क्रोध करने से बचना होगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। संतान की सेहत में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे। आप अपने घर किसी भजन कीर्तन आदि का आयोजन कर सकते हैं। विवाह में यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपका कोई लेनदेन चुकता हो सकता है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप रुपए पैसे के मामले में किसी पर भरोसा ना करें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के बीच किसी बात को लेकर खटपट रहेगी। आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होंगे, जहां आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपके किसी मित्र से मिलकर आपकी कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। पारिवारिक समस्याएं वरिष्ठ सदस्यों की मदद से आसानी से दूर हो सकेंगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। बिजनेस में कोई तकनीकी समस्या आपको परेशान करेगी। नौकरी में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको यदि कोई काम को लेकर सुझाव दे, तो आप उसमें चुप रहें। आपकी कोई चल अचल संपत्ति का मुद्दा यदि विवादित था, तो उसमें आपको जीत मिलेगी। आपके कामों की गति थोड़ा धीमी रहेगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिलती रहेगी, लेकिन आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा। आपको भावनाओं में बहकर कोई निर्णय नहीं लेना है। परिवार में सदस्य आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आप जीवनसाथी की बातों को पूरा महत्व देंगे। विद्यार्थी यदि पढ़ाई में डील देंगे, तो उन्हें परीक्षा देने में समस्या आएगी। आपको संतान के करियर को लेकर टेंशन हो सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। माता-पिता के प्रति स्नेह बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके प्रयास बेहतर रहेंगे। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। नौकरी में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। आपका डूबा हुआ धन आपको वापस मिलने की संभावना है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने किसी साथी से खटपट होने की संभावना है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप कोई जरूरी जानकारी घर से बाहर न जाने दें, नहीं तो बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ सकते हैं। आपको कुछ अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना होगा और आपका कोई कानूनी मामला आपके लिए समस्या बन सकता है, इसलिए आप उसमें अपनी आंख और कान खुले रखकर निपटाने की कोशिश करें।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। यदि आप कोई प्रॉपर्टी को लेकर इन्वेस्टमेंट करेंगे, तो उसमें भी आपकी साख चारों ओर फैलेगी और आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आप अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे, उनमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहने के कारण आप अपने कामों को निपटने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप किसी से किए हुए वादे को भी पूरा समय रहते पूरा करने की कोशिश करेंगे। माताजी आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती हैं। आपको काम के साथ-साथ जीवनसाथी के लिए भी कुछ समय निकालना होगा, नहीं तो वह आपसे नाराज हो सकती हैं।

## इंद्रप्रस्थ पोलिंग बूथ की लाइन में कृष्ण-अर्जुन

विवेक रंजन श्रीवास्तव-विनायक फीचर्स

अर्जुन जी का नेचर ही थोड़ा कनफुजियाआ हुआ है। वह महाभारत के टाईम भी एन कुरुक्षेत्र के मैदान में कनफ्यूज हो गये थे , भगवान कृष्ण को उन्हें समझाना पड़ा तब कहीं उन्होने धनुष उठाया।

पिछले कई दिनो से आज के अरजुन देख रहे थे कि नेता गण जनसेवा के लिए बेचैन हो रहे हैं। कोई मुफ्त बिजली , तो कोई फ्री इलाज और शिक्षा के वादे कर रहा है।बेरोजगारी दूर करने की जगह पर वे मुफ्त रुपए बांटने वाले वादे कर रहे हैं। येन केन प्रकारेण फिर से कुर्सी पा लेने के लिये समाज में तोड़ फोड़,दंगे,वादे सब किए जा रहे थे। कौआ कान ले गया की रट लगाकर भीड़ को कनफ्यूजियाने का हर संभव प्रयास चल रहा था। तेज ठंड के चलते जो लोग कानों पर मफलर बांधे हुये हैं वे बिना कान देखे कौए के पीछे दौड़ते फिर रहे हैं। ऐसे समय में ही राजधानी के चुनाव आ गये। अरजुन जी किसना के संग इंद्रप्रस्थ पोलिंग बूथ पर जा पहुंचे। ठीक बूथ के बाहर वे फिर से कनफ्यूजिया गये। किंकर्तव्यविमूढ़ अरजुन ने किसना से कहा कि ये चारों बदमाश जो चुनाव लड़ रहे हैं मेरे अपने ही हैं। मैं भला कैसे किसी एक को वोट दे सकता हूं ? इन चारों में से कोई भी देश का भला नहीं कर सकता। मैं इन सबको बहुत अच्छी तरह जानता हूं। अरजुन की यह दशा देख इंद्रप्रस्थ पोलिंग बूथ पर लगी लम्बी कतार में ही किसना ने कहा ..हे पार्थ तुम केवल महंगाई की चिंता करो तुम्हें देश की चिंता क्यों सता रही है।हे पार्थ तुम फ्री बिजली,फ्री पानी,फ्री वाईफाई और मेट्रो में पत्नी के फ्री सफर की चिंता करो तुम्हें भला देश की चिंता का अधिकार किसने दिया है।हे पार्थ तुम बेटे के रोजगार की चिंता में बने रहो , बेरोजगारी भत्ते की चिंता करो तुम्हें जातियों के अनुपात की चिंता क्यों !हे पार्थ तुम शहर की स्मार्टनेस की चिंता करो तुम्हें साफ सफाई के बजट की और उसमें दिख रहे घपले की चिंता नहीं होनी चाहिये। यमुना की सफाई , बाढ़ नियंत्रण से तुम्हें करना क्या है।हे पार्थ तुम सीमा पर शहीद जवान की शव यात्रा में शामिल होकर देश भक्ति के नारे लगाओ भला तुम्हें इससे क्या लेना देना कि यदि नेता जी ने बरसों पहले सही निर्णय लिये होते तो जवान के शहीद होने के अवसर ही न आते ! हे पार्थ तुम देश बंद के आव्हान पर अपनी दुकान बन्द करके बंद को समर्थन दो , अन्यथा तुम्हारी दुकान में तोड़फोड़ हो सकती है ,तुम्हें इससे कोई सरोकार नहीं रखना चाहिये कि यह बन्द किसने और क्यों बुलाया ?

हे पार्थ तुम्हें सरदार पटेल,आजाद,सुभाष चन्द्र बोस , सावरकर, विवेकानन्द या गोलवलकर जी वगैरह को पढ़ने समझने की भला क्या जरूरत तुम तो आज के मंत्री जी को पहचानो उनसे अपने ट्रांसफर करवाओ , सिफारिश करवाओ और लोकतंत्र की जय बोलो व प्रसन्न रहो ! हे पार्थ तुम्हें राजधानी की बार्डर पर धरना देने के लिए पार्टियों का प्रतिनिधित्व करने पर सवाल उठाने की कोई जरूरत नहीं तुम मजे से चाय पियो,अखबार पढ़ो,बहस करो,टीवी पर बहस सुनो,कार्यक्रमों की टीआरपी बढ़ाओ।

हे पार्थ तुम्हें सच जानकार भला क्या मिलेगा ? तुम वही जानो जो तुम्हें बताया जा रहा है ! यह जानना तुम्हारा काम नहीं है कि जिसे चुनाव में पार्टी टिकिट मिली है उसका चाल चरित्र कैसा है,वह सब किसी पार्टी में हाई कमान ने टिकिट के लिए करोड़ो लेने से पहले या किसी पार्टी ने वैचारिक मंथन कर पहले ही देख लिया होता है। हे पार्थ वैसे भी तुम्हारे एक वोट से जीतने वाले नेता जी का ज्यादा कुछ बनने बिगड़ने वाला नहीं,सो तुम बिना अधिक संशय किये मतदान केंद्र में जाओ चार लगभग एक से चेहरों में से जिसे तुम देश का कम दुश्मन समझते हो उसे या जो तुम्हें अपनी जाति का,अपने ज्यादा पास दिखता हो उसे अपना मत दे आओ, और जोर शोर से लोकतंत्र का त्यौहार मनाओ।किसना अरजुन संवाद जारी था तभी मेरा नम्बर आ गया और मैं अंगुली पर काला टीका लगवाने आगे बढ़ गया। कुरुक्षेत्र में कृष्ण के अर्जुन को उपदेशों से गीता बन पड़ी थी,आज भी इससे कईयों के पेट पल रहे हैं ।कोई गीता की व्याख्या कर रहा है,कोई समझ रहा है,कोई छापकर बेच रहा है।इसी से प्रेरित हो हमने भी अरजुन किसना संवाद लिख दिया है,इसी आशा से कि लोग कानों के मफलर खोल कर अपने कान देखने का कष्ट उठायें। पड़ोसी देशों के घुसपैठिए वोटिंग कार्ड बनवा कर वोट डालने तैयार हो सकते हैं तो आप भी बिस्तर से निकले ,पोलिंग बूथ पर हुये इस कृष्ण अर्जुन संवाद के निहितार्थ समझ लें और अपने मताधिकार का तीर सही निशाने पर चला ही दें ।

## महाकुंभ

# लाख कोशिशों के बावजूद सर चढ़कर बोली गंगा-यमुनी तहजीब

निर्मल रानी

2025 का बहुप्रतीक्षित महाकुंभ समापन की ओर है। 26 फरवरी अर्थात महाशिवरात्रि को अंतिम शाही स्नान के साथ ही कुंभ मेले का समापन हो जायेगा। इस बार का महाकुंभ कई बातों को लेकर पूर्व में आयोजित हो चुके कुंभ,अर्द्धकुंभ अथवा महाकुंभों से अलग था। इस बार के विशाल आयोजन को हाई टेक बनाने की जैसी कोशिश इस बार हुई वह पहले कभी देखी नहीं गयी। संगम तट के किनारे अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिये टैंट के वी आई पी नगर बसाये गए। इनमें महाराज टेंट सिटी में एक कमरे का एक दिन का किराया औसतन ?30000 था जबकि डोम सिटी में किराया 1 लाख रुपए के आसपास था। करीब 3000 स्पेशल ट्रेन और बड़े शहरों से विमान उड़ानों की सुविधा रखी गयी। इतने बड़े आयोजन में छोटे बड़े हादसों की संभावना भी बनी रहती है। महाकुंभ 2025 भी इससे अछूता नहीं रहा। सुरक्षा के तमाम प्रयासों के बावजूद कुंभ मेले में अग्निकांड व भगदड़ जैसी संभावित घटनाओं को आखिरकार नहीं टाला जा सका। परन्तु बड़े ही दुःख का विषय है कि इस बार का महाकुंभ जहाँ सत्ता के गुणगान व पी आर पर केंद्रित रहा वहीँ इस बार इसमें भाग ले रहे अनेक प्रमुख लोगों ने इस पवित्र आयोजन को साम्प्रदायिकता फैलाने व समाज में जहर बोने का माध्यम बनाने की भी कोशिश की। खासतौर पर इस आयोजन के एक वर्ष पूर्व से ही कुछ नये नवेले विवादित कथावाचकों द्वारा कुछ स्वयंभू संतों के साथ यह राग छेड़ा गया कि कुंभ आयोजन में मुसलमानों का व्यवसाय करना प्रतिबंधित हो। कई लोगों ने तो मुसलमानों के मेला क्षेत्र में प्रवेश वर्जित करने तक की बात की। परन्तु सूर्यकांत त्रिपाठी निराला,मोतीलाल,जवाहरलाल नेहरू,अकबर इलाहाबादी, हरिवंश राय बच्चन, सुभद्रा कुमारी चौहान, सुमित्रानंदन पंत, हरिप्रसाद चौरसिया,फिराक गोरखपुरी व महादेवी वर्मा जैसी अनेक महान हस्तियों की जन्म व कर्मस्थली रही इस संगम नगरी को शायद यह हरगिज गवारा नहीं था कि दुनिया को प्रेम सद्भाव व साम्प्रदायिक एकता का पाठ पढ़ाने वाले तथा देश की गंगा यमुनी तहजीब का केंद्र समझे जाने वाले इस पवित्र प्रयागराज नगरी से साम्प्रदायिक दुर्भावना नफरत या वैमनस्य का कोई सन्देश जाये।

महाकुंभ के दौरान सत्ता संरक्षित इन साम्प्रदायिकता वादियों ने देश की एकता व सद्भाव को छिन्न भिन्न करने के लिये क्या कुछ नहीं किया ? देश के अनेकानेक अतिवादी नेताओं व प्रवचन कताओं ने अपने भाषणों में जमकर धर्म विशेष के विरुद्ध विषवमन किया। हद तो यह है कि इस मेले में धारदार व नुकीले हथियार तक मुफ़्त बांटे गये। मीडिया व सोशल मीडिया पर तथा सत्ता के आई टी

सेल द्वारा ऐसे नफरती क्लिप्स को जमकर प्रसारित किया गया। प्रयाग का मुसलमान भी बाहर से आने वाले नफरती चिंटुओं के नफरती भाषणों को सुनता व सहन करता रहा। परन्तु जब इसी महाकुंभ में 28 जनवरी की देर रात्रि लगभग डेढ़ बजे भगदड़ मची और उसके कुछ देर बाद कथित तौर पर संगम तट पर ही दूसरी जगह भगदड़ मची उसके पश्चात इलाहाबाद शहर ने जो भयावह दृश्य देखे वह कुंभ के इतिहास में पहले कभी नहीं देखे गये। देश से आये करोड़ों श्रद्धालु जब अनजान शहर की गलियों में व सड़कों पर असहाय अवस्था में भयंकर सर्द रात में भगदड़ की दहशत से परेशान होकर अपनी जान बचाने के लिये पनाह मांगते फिर रहे थे।जब वे भूख प्यास से तड़प रहे थे ,अपनी इज्जत आबरू जान माल बचाने की कोशिश में इधर उधर भटक रहे थे। उस समय यही विश्वविख्यात महाकुंभ साम्प्रदायिक एकता व सद्भाव का अपना अलग इतिहास लिख रहा था।

उस संकटकालीन दौर में सरकार की कोशिश थी कि मृतकों की संख्या को कम से कम कर बताया जाये। भगदड़ के शुरूआती घंटों की सरकारी कवायद इसी प्रबंधन में व्यस्त रही। जबकि 'सरकारी तोते' रुपी प्रवचनकर्ता यह कहते सुने गये कि भगदड़ में गंगा किनारे मरने वालों को मोक्ष प्राप्त हो गया। परन्तु उसी समय इलाहाबाद के मुसलमानों ने धरातल पर उतारकर वह कर दिखाया जिससे नफरत के सौदागरों की सारी कोशिशों पर पानी फिर गया। इलाहाबाद के भगदड़ प्रभावित क्षेत्र की सभी मस्जिदें,जामा मस्जिदें,इमामबाड़े,दरगाहें व मदरसे तथा यादगार ए हुसैनी जैसे कई मुस्लिम शैक्षणिक संस्थानों के दरवाजे पूरी तरह खोल दिए गये। हजारों स्थानीय मुसलमानों ने परदेसी श्रद्धालुओं को अपने अपने घरों में पनाह दी। उन्हें नाश्ता

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों की जायजा लेने एक दिवसीय सुकमा प्रवास पर रहे। उनके साथ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं नोडल अधिकारी नगर पालिका एवं पंचायत निर्वाचन (पुलिस) श्री ओ.पी. पाल भी उपस्थित थे।

सुकमा जिले के हैलीपैड में स्थित मीटिंग हाल में जिले प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध करायी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों में कुल 17 हज़ार 511 मतदाता एवं त्रिस्तरीय पंचायत में 1 लाख 70 हज़ार 228 मतदाता है। नगरीय निकायों में मतदान केंद्र 31 हैं, जिसमें संवेदनशीलता के आधार पर सभी सामान्य मतदान केंद्र हैं। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 375 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से संवेदनशील 217 एवं अति संवेदनशील 104 मतदान केंद्र हैं। उन्होंने जिले के समस्त मतदान केन्द्रों की भौतिक स्थिति से अवगत कराया और संवेदनशील मतदान केंद्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण ने जिले में मतदान केन्द्रों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

बैठक के पश्चात निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह प्राथमिक शाला जनपदपारा सुकमा में स्थित मतदान केंद्र पहुँचे। मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने शासकीय आईटीआई कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी सहित अन्य सभी आवश्यक मूलभूत आवश्यकताओं को समय पूर्व निर्धारित करने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयुक्त श्री सिंह ने मतगणना स्थल में बिजली, पेयजल, शौचालय, पर्याप्त बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, निर्वाचन अभिकर्ताओं के बैठने की व्यवस्था, मतगणना कक्ष की जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

स्ट्रॉंग रूम के निरीक्षण के पश्चात श्री सिंह कुम्हाररास में चल रहे ईवीएम जागरूकता शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ईवीएम मशीनों के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार की और अधिक आवश्यकता है, क्योंकि इस बार एक ही मशीन में महापौर और पार्षद के लिए मतदाता को दो बार वोट देना होगा। उन्होंने मतदाताओं को ईवीएम मशीन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान कर जागरूक करने कहा। उन्होंने अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और आचार संहिता उल्लंघन के प्रकरण को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### नगरीय निकाय निर्वाचन के अभ्यर्थियों को बुलाकर किया गया लेखा मिलान

**जगदलपुर 5 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) के आदेश 2024 के अनुपालन में निर्वाचन व्यय लेखा रजिस्टर (प्रोफार्मा-क) की जांच हेतु निर्धारित प्रथम लेखा मिलान तिथि 03 फरवरी को नगर पालिक निगम जगदलपुर एवं नगर पंचायत बर के समस्त अभ्यर्थियों द्वारा उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय हेतु खोले गए नवीन बैंक खाता एवं प्राप्ति,व्यय अभिलेखों सहित लेखा का मिलान कराया गया है। अभ्यर्थियों का लेखा मिलान व्यय प्रेक्षक श्री सचिन शर्मा एवं सहायक व्यय प्रेक्षक श्री जोस फिलिप की उपस्थिति में नगरपालिका निगम जगदलपुर के व्यय संप्रेक्षक श्री दिनेश सिंह, श्री नितिश शर्मा एवं श्री लोमश राजपूत तथा नगर पंचायत बस्तर के व्यय संप्रेक्षक श्री रूपेश कुमार नायक एवं श्री हरख चंद कंवर द्वारा लेखा का मिलान किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री सचिन शर्मा द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को द्वितीय लेखा मिलान की तिथि 08 फरवरी 2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर लेखा मिलान कराने हेतु अवगत कराया गया।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जगदलपुर 5 फरवरी।** आगामी नगरीय निकाय चुनावों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने मंगलवार को धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कमिशनिंग की तिथि, सुरक्षा व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बस्तर नगर पंचायत के लिए ईवीएम मशीनों को कमिशनिंग प्रक्रिया के बाद रवाना की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। अधिकारियों ने बताया कि मशीनों की जांच के बाद बस्तर नगर पंचायत के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाए। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता से कार्य करें और सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करें। इस निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आई जी श्री सुंदरराज पी, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव श्री डॉ सर्वेश्वर भूरे, नोडल अधिकारी पुलिस श्री ओ पी पाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस एस , पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

### राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के मतदान केंद्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

**जगदलपुर 5 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह एक दिवसीय बस्तर जिले के प्रवास के दौरान जगदलपुर शहर के संजय बाजार के समीप जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रणाली में प्रयुक्त की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के लाइव डेमोंस्ट्रेशन का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मशीन के उपयोग और महापौर, पार्षद प्रत्याशियों के लिए मतदान करने के संबंध में चर्चा किए। साथ ही डेमोस्ट्रेशन कार्य में लगे अधिकारियों से मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। संजय बाजार के समीप स्वामी आत्मानंद स्कूल के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केंद्र दिवाल लेखन की सराहना किए, इसके साथ ही संगवारी बूथ, महिला मतदान केंद्र की व्यवस्था का भी संज्ञान लिया। इस निरीक्षण के दौरान कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुंदरराज पी, राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव श्री डॉ सर्वेश्वर भूरे, नोडल अधिकारी पुलिस श्री ओपी पाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस एस, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

### महिलाओं का विकास भाजपा ने किया है व आगे भी करेगी: पारूल जैन

**राजनांदगांव 5 फरवरी।** जिला भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री पारूल जैन इन दिनों महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव व वार्डो के भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने जी-जान से जुटी हुई है, शहर के अनेक हिस्सों का सघन दौरा कर महिलाओं की बैठकों को संबोधित करते हुये कहा कि देश में भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसे महिलाओं के समुचित विकास की चिंता है, उन्हे बराबरी का दर्जा देने की फिक्र है तभी तो केवल स्थानीय निकाय के चुनाव ही नही बल्कि देश की सर्वोच्च संसद व प्रदेश की विधानसभाओं में महिलाओं को 35 फीसदी स्थान देने का ऐतिहासिक निर्णय किया है, जो आने वाली लोकसभा व विधानसभा चुनाव में लागू हो जायेगा, फिर चाहे व देश की संसद हो या प्रदेशों की विधानसभाएं हो महिला सांसद व विधायकों की एक बड़ी संख्या इन स्थानों पर उपस्थित रहेगी, जिससे महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निदान हो सकेगा।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुश्री जैन ने आगे कहा कि लगभग सभी महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक-एक हजार रूपये प्रतिमाह उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है, इसी प्रकार गरीब परिवार की बच्चियों के लिये कन्या विवाह योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है इतना ही नहीं बल्कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से महतारी शक्ति ऋण योजना के अन्तर्गत महिला बहनों को 25 हजार रूपये तक एकमुश्त ऋण दिया जा रहा है।

# भाजपा प्रत्याशी पायल गुप्ता को जनसंपर्क में मिल रहा जनता का आशीर्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी की नगरपालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष प्रत्याशी पायल गुप्ता ने प्रचार-प्रसार के दौरान शहर के सात वार्डों का वन-टू-वन दौरा किया। इस दौरान अध्यक्ष प्रत्याशी पायल गुप्ता ने पार्षद प्रत्याशियों के साथ मिल कर वार्डों में सघन जनसंपर्क किया एवं आमजन को भाजपा सरकार के विकास कार्यों एवं विज़न को बताकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आग्रह किया। साथ ही शहर विकास को गति देने के लिये कमल खिलाने की बात कही। हर रोज़ की तरह भारतीय जनता पार्टी की नगरपलिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष प्रत्याशी पायल गुप्ता ने विभिन्न वार्डों में समर्थको के साथ पहुंचकर धुंआधार जनसंपर्क किया 7 आवराभाठा के वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 के रहवासियों से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भारतीय जनता पार्टी के

समर्थन की सभी से अपील की। पायल गुप्ता के जनसंपर्क अभियान के दौरान उनके साथ समर्थन मांगने आज भारी संख्या में लोग जुटे। जहाँ मातृशक्तियों की संख्या अत्यधिक रही। इस दौरान मातृशक्ति में पायल को जिताने भारी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर पायल गुप्ता ने कहा कि सभी की आत्मीयता से मन हर्षित है। विकास कार्यों को गतिमान रखने के लिए आप सभी दंतेवाड़ा में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने के लिए सहयोग करें।'पायल गुप्ता ' ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास रूपी सुशासन की सरकार का सहयोग करें।

### प्रत्येक वार्ड में हुआ नुक्कड़ सभाओं का आयोजन

नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी पायल गुप्ता के चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान प्रत्येक वार्ड में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया।

भाजपा प्रत्याशी पायल गुप्ता ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बस जनता को ठगने के अलावा और कुछ नहीं किया है। विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगायी। शहर के चौतरफ़ा विकास के लिये नगर में ट्रिपल इंजन एवं वार्ड में चार इंजन की सरकार बनाकर सुशासन स्थापित करने में हमारा सहयोग करें।

# भाजपा महापौर प्रत्याशी संजय पांडे ने7 वार्डों में किया घर-घर जाकर जनसंपर्क

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने प्रचार-प्रसार के दौरान शहर के सात वार्डों का वन-टू-वन दौरा किया। इस दौरान महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने पार्षद प्रत्याशियों के साथ मिल कर वार्डों में सघन जनसंपर्क किया एवं आमजन को भाजपा सरकार के विकास कार्यों एवं विज़न को बताकर भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने का आग्रह किया। साथ ही शहर को धूल मुक्त बनाने के लिये कमल खिलाने की बात कही।

**पहले राम का नाम, फिर सब सांसारिक काम :** हर रोज़ की तरह भारतीय जनता पार्टी के महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने अनुकूल देव वार्ड स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान शिव जी एवं संकट मोचन हनुमान जी का आशीर्वाद लिया एवं जगदलपुरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद डोर-टू-डोर जनसंपर्क शुरू किया। जनसंपर्क के दौरान मंगलवार को महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे ने अनुकूल देव वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, अब्दुल कलाम वार्ड, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, बलिराम कश्यप वार्ड एवं मदनमोहन मालवीय वार्ड के रहवासियों से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया और भारतीय जनता पार्टी के समर्थन की सभी से अपील की।

**जनसंपर्क में लोगों का हुजूम ऐसा, मानो विजय जुलूस हो :** संजय पाण्डे के जनसंपर्क अभियान के दौरान उनके साथ समर्थन मांगने आज भारी संख्या में लोग जुटे। जहाँ मातृशक्तियों की संख्या अत्यधिक रही। इस दौरान मातृशक्ति में संजय को जिताने भारी उत्साह नजर आया।

इस अवसर पर संजय पाण्डे ने कहा कि सभी की आत्मीयता से मन हर्षित है। विकास कार्यों को गतिमान रखने के लिए आप सभी जगदलपुर में प्रचंड बहुमत से कमल खिलाने के लिए सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जब जगदलपुर में बीजेपी की नगर सरकार थी तब विकास की गंगा बह रही थी, किन्तु जब से कांग्रेस की सरकार आयी, जगदलपुर का विकास थम सा गया था। भाजपा के शासन काल में निर्माण हुए विकास कार्यों को यह सरकार मरम्मत कराने की स्थिति में नहीं थी।जगदलपुर में सालों से कांग्रेस की नगर सरकार थी किन्तु गरीबों की चिंता नहीं की, ना ही विकास की एक ईंट रखी, किन्तु जब भाजपा की सरकार बनी विकास का द्वार खुला, सभी गरीब जनता के लिये मूलभुत सुविधाओं का द्वार खोला। 'संजय पाण्डे' ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर विकास रूपी सुशासन की सरकार का सहयोग करें।

**प्रत्येक वार्ड में हुआ नुक्कड़ सभाओं का आयोजन :** महापौर प्रत्याशी संजय पाण्डे के चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान प्रत्येक वार्ड में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी संजय पाण्डे ने नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने बस जनता को ठगने के अलावा और कुछ नहीं किया है। विकास के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगायी।

### सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में बसंत पंचमी महोत्सव का आयोजन किया गया

**सुकमा 5 फरवरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में बसंत पंचमी महोत्सव बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। मां सरस्वती की पूजा में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, बच्चों और उनके अभिभावकों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्या आरंभ संस्कार के तहत 35 बच्चों का विद्या संस्कार विधिपूर्वक प्रारंभ कराया गया। इस अवसर पर माता-पिता और परिवारजनों की उपस्थिति ने इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। बच्चों ने अपने छोटे-छोटे कदमों से ज्ञान के रास्ते पर पहला कदम बढ़ाया और सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# मतदान केंद्रों में निर्वाचक नामावली के उपयोग को लेकर निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

■ सहायक मतदान केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत को तोड़कर मतदान केन्द्र स्थापित किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों में उपयोग की जाने वाली निर्वाचक नामावली को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने मतदान दलों को दी जाने वाली निर्वाचक नामावली में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं, ताकि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

जिसमें पूरक सूची में जिन मतदाताओं के नाम विलोपन सूची में दर्ज है, मूल सूची में उनकी प्रविष्टियों पर डिलीटेड की मुहर (सील) काले रंग से अंकित की जाये।

सहायक मतदान केन्द्र अथवा ग्राम पंचायत को तोड़कर मतदान केन्द्र स्थापित किया गया है, तो मतदान केन्द्र जिसके लिए निर्वाचक नामावली तैयार की जा रही है, उससे संबंध न रखने वाले मतदाताओं की प्रविष्टियों को लाल स्याही से पृष्ठ के ऊपरी बायें कोने से नीचे दायें कोने तक तिरछी रेखा से काट दिया जावे। निर्वाचक नामावली के प्रथम पृष्ठ पर संबंधित वार्डो को छोड़कर शेष वार्डों को भी लाल स्याही से सीधी रेखा से काट दिया जाये।

मुख्य पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर मतदाताओं की मुद्रित कुल संख्या को लाल स्याही से गोल घेर दिया जावे तथा उसके नीचे मतदान केन्द्र से संबंधित संख्या को लाल स्याही से लिखा जावे।मतदान दलों को दिये जाने के लिए निर्वाचक नामावली को फाड़कर अलग न किया जावे अपितु ग्राम पंचायत की पूर्ण निर्वाचक नामावली प्रदाय की जावे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाना आवश्यक है। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान दलों को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## 11495 हेक्टेयर रकबा समर्पण के साथ कांकेर जिला पहले स्थान पर

# जिले में 5.31 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 5 फरवरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 149 धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 05 लाख 31 हजार 429 मेट्रिक टन का उपार्जन किया गया। इसके लिए 05 लाख 44 हजार 224 मेट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसी तरह रकबा समर्पण के मामले में भी कांकेर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिले के 38 हजार 22 किसानों के द्वारा 11 हजार 495 हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया गया है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिले के 01 लाख 05 हजार 576 किसानों ने 01 लाख 45 हजार 508 हेक्टेयर क्षेत्र का पंजीयन धान बेचने हेतु कराया था, इनमें से 94 हजार 734 किसानों ने 01 लाख 2 हजार 414 हेक्टेयर रकबे का धान 149 उपार्जन केन्द्रों में बेचा, जो कि कुल रकबे का 70 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में धान की अधिक खरीदी हुई है। खरीदे गए धान की उठाव के लिए आवश्यकतानुसार डीओ एवं टीओ जारी किया गया है। यह भी बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों के द्वारा रकबा समर्पित किए जाने के मामले में कांकेर जिला प्रथम स्थान पर है। जिले के 38 हजार 22 किसानों के द्वारा 11 हजार 495 से अधिक हेक्टेयर रकबे का समर्पण किया गया, जो पूरे राज्य में स्थान पर है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि लगभग साढ़े 11 हजार हेक्टेयर रकबा समर्पित किए जाने से शासन का लगभग 187 करोड़ रूपए की बचत हुई है। साथ ही समितियों में अवैध रूप से धान की आवक पर रोक लगी है।

## समाचार संक्षेप

### 217 बटालियन सीआरपीएफ ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**सुकमा, 5 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** श्री सूरज पाल वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन रेन्ज कोन्टा) सीआरपीएफ के मार्गदशन एवं श्री विजय शंकर (कमांडेन्ट 217 बटालियन) सीआरपीएफ के नेतृत्व में आज दिनांक 04/02/2025 को डी/217 एवं एफ/217 बटालियन सीआरपीएफ के वेलकनगुडेम कैम्प, पुलिस थाना-किस्ताराम, जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़) के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें वेलकनगुडेम कैम्प क्षेत्र के विभिन्न दूर दराज के गॉव वेलकनगुडेम, टिंगनपल्ली, इत्तनपाड, सिंदुरगुडा एवं भट्टीगुडेम में रहने वाले लगभग 300 से अधिक, आदिवासी ग्रामीणों, स्कूलो के बच्चो/ युवाओ एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें श्री विजय शंकर (कमांडेन्ट 217 बटालियन) सीआरपीएफ के द्वारा साडी, लुंगी, गमछा, किकेट का कीट, वॉली बॉल, चप्पल, वाटर टैंक, कंबल, फरवा एवं मुफत चिकित्सा उपचार हेतु दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमिताभ साहु (मुख्य चिकिस्ताधिकारी 217 बटालियन), श्री नीर सिंह मीना (द्वितीय कमान अधिकारी 217 बटालियन), डॉ. मनदीप सिंह (वरिष्ठ चिकिस्ताधिकारी 217 बटालियन), श्री अजीत कुमार चौधरी, सहायक कमाण्डेंट एवं श्री टी0 किरण कुमार, सहायक कमाण्डेंट तथा डी0/217 एवं एफ/217 बटालियन सीआरपीएफ के अधिनस्थ अधिकारी व जवानों के द्वारा सभी ग्राम वासियों को उपरोक्त सामग्री वितरण करने के पश्चात भोजन कराया गया। इस मौके पर कमाण्डेंट महोदय द्वारा सभी ग्राम वासियों को सम्बोधित कर उन्हें उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा ग्रामीणों को मुख्य धारा में जूड़ने के लिए प्रोत्साहीत किया। साथ ही साथ अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एव उसके लाभ और उसके उपयोगीता के बारे में जानकारी साझा किया।

### नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा संपन्न

**सुकमा, (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत नाम निर्देशन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद आज संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की गई। जिला पंचायत के लिए संवीक्षा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु कुल 44 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, जिनकी विधिवत संवीक्षा संपन्न हुई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य के अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों की गहन जांच की गई। संवीक्षा प्रक्रिया में रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डॉ संध्या रानी कुर्रे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, 06 फरवरी 2025 को अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके पश्चात, उसी दिन निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी तथा चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के निर्देशन में जिला पंचायत एवं कलेक्ट्रेट कार्यालय में रंगोली के माध्यम से मताधिकार के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, जिससे अधिकाधिक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित हो सकें।

**सुकमा 5 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** टमाटर बेचकर गुजारा करने वाली कुकानार की सरपंच मगलदई पर सफाई अभियान के तहत लाखों का भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया था। बाजार-बाजार जाकर सुबह से शाम तक टमाटर व धनिया पत्ती बेचने वाली मगलदई गत वर्षों से सरपंच रही है। इस बार भी उसने फार्म भरा है। सोचने वाली बात है कि जिसने लाखों का भ्रष्टाचार किया होगा भला वह टमाटर बेचेगी। वैसे जांच में वह निर्दोष साबित हुई है।

## एक नजर

### प्रेक्षक जय प्रकाश मौर्य ने निर्वाचन की तैयारियों का लिया जायजा

**महासमुंद, 5 फरवरी ।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री जय प्रकाश मौर्य (आई.ए.एस.) ने नामांकन प्रक्रिया के दौरान तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन की सभी व्यवस्थाओं को उचित तरीके से प्रगति पर पाया गया। इस दौरान प्रेक्षक श्री मौर्य ने ग्राम पंचायत बेमचा के वार्ड नंबर 1 में निर्वाचक नामावली की रेंडम चेकिंग की, जिसमें कुल 20 प्रविष्टियों का सत्यापन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बेमचा के मतदान केन्द्र क्रमांक 48, 49 और 50 का भी निरीक्षण किया, जहां सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध पाई गईं। रविवार को प्रेक्षक श्री मौर्य ने जिला पंचायत महासमुंद स्थित आरओ कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यहां नामांकन की प्रक्रिया नियमानुसार संचालित की जा रही है।

प्रेक्षक श्री जय प्रकाश मौर्य ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत मतदान केन्द्रों की सूची और पदों के आरक्षण की अधिसूचना जारी कर दी गई है। मतदान दलों का गठन कर उन्हें 02 एवं 03 फरवरी 2025 को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय प्रशिक्षण 07 और 08 फरवरी 2025 को प्रस्तावित है। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में धारा 163 लागू कर दी गई है। शस्त्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा अन्य सभी प्रतिबंधात्मक आदेश 20 जनवरी 2025 को जारी कर दिए गए थे। आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु जनपद और पंचायत स्तर पर सम्पत्ति विरूपण की कार्रवाई की जा रही है और प्रतिदिन इसका दैनिक प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।चुनाव संबंधी शिकायतों के निवारण हेतु डिप्टी कलेक्टर सृष्टी चंद्राकर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका संपर्क नंबर 07723-223305 है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर को नियुक्त किया गया है।

### नगर पालिका परिषद बागबाहरा में मतदान जागरूकता अभियान जारी

**महासमुंद, 5 फरवरी ।** नगर पालिका परिषद बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 3, 6 एवं 9 में सोमवार को नगरीय निर्वाचन 2025 के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में मास्टर ट्रेनर गजानंद दीवान, भूपेंद्र निराला एवं मनीष अवसरिया ने वार्ड के बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के तहत मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की प्रक्रिया को समझाया गया, जिससे वे चुनाव के दिन बिना किसी संकोच के मतदान कर सकें। इस दौरान ''युवा, महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग मतदाता'' एवं वार्ड के पार्षद पद के अभ्यर्थियों ने भी ''ईवीएम मशीन से मतदान का अभ्यास किया। मतदान जागरूकता अभियान के अंतर्गत ''÷जागो वोटर्स÷'' का संदेश दिया गया। जिससे अधिक से अधिक मतदाता चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाएं।

### निर्वाचन की सभी तैयारियों को दें अंतिम रूपःकलेक्टर

**रायगढ़, 5 फरवरी।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्यों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्यों के अंतर्गत सभी अधिकारी-कर्मचारी उनको दिए गए दायित्वों का निर्वहन पूरी सजगता से करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ ही अब ईवीएम के रेंडमाइजेशन का काम पूरा किया जाएगा। जिसके पश्चात मशीनों की कमीशनिंग का कार्य निर्धारित गाइडलाइन और समयावधि में पूरा करना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाए। कलेक्टर श्री गोयल ने ईवीएम मशीनों के डेमो प्रदर्शन जिले के सभी नगरीय निकायों के वार्डों में तय शेड्यूल के अनुसार पूरा करें। इससे लोगों को ईवीएम से मतदान के पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी बुनियादी सुविधाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवा लें। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों के साथ ही सभी नगरीय में स्ट्रांग रूम में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति के लिए अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे लोगों को पेयजल के लिए समस्या न हो।

# राजमार्ग पर अतिक्रमण के बाद अब मोहल्ले की सड़कें भी सुरक्षित नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 5 फरवरी।** शहर से तीन दिशा में गुजरे राजमार्ग पर अतिक्रमण बढ़ने के कारण अब यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है। दिन में हर समय लगने वाले जाम से लोगो को खतरा महसूस होने लगा है,हर माह बिगड़ी यातायात व्यवस्था के कारण दुर्घटना होने के बाद भी प्रशासन अतिक्रमण को लेकर बेहद लचीला साबित हो रहा है। राजमार्ग की सड़को को सकरा करने के बाद अतिक्रमण के पैर अब धीरे-धीरे गली मोहल्लों को भी घेरने लगे है,जिसके कारण अब मोहल्ले में रहने वाले लोग भी दुर्घटना को लेकर भयभीत रहते है। शहर के इंदिरा चौक से तीन दिशा में राजमार्ग की सड़के गुजरी है,अनेक राज्यो को जोड़ने वाली इन सड़कों पर दिन प्रतिदिन अतिक्रमण पांव पसारते जा रहा है,जिसके कारण सडके जाम होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है,पुलिस प्रशासन दुर्घटनायें कम करने के लिए वाहन चालको को जागरूक कर रहा है,परंतु अतिक्रमण से सड़कों का दायरा सिकुड रहा है,जिसके कारण भी दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। अतिक्रमण के पांव राजमार्ग की सड़कों तक ही सीमित नही है,शहर में पंद्रह वार्ड अस्तित्व में है,जिसकी जिम्मेदारी नगर पंचायत के साथ-साथ राजस्व प्रशासन की भी है। इन दिनो यहा के वार्डो की सडके भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। वर्तमान मे 7 नंबर वार्ड एवं पूर्व का 10 नंबर वार्ड की यदि बात करें तो यहा पर अनेक लोगों ने अतिक्रमण कर सी.सी.सडको का दायरा सिमित कर दिया है। इन दिनो शहर के अनेक वार्डो मे सी.सी.सडक का निर्माण चल रहा है।

**मापदंड से हटकर बन रही सड़के**-गली मोहल्ले की सी.सी.सड़कों पर भी अतिक्रमण रहने के कारण नयी सडके मापदंड से हटकर बनायी जा रही है,ऐसी सडको मे चार पहिया वाहनो को ठीक से साईड लेने मे समस्या उत्पन्न हो रही है,अतिक्रमण की वजह से गली मौहल्ले की सडको मे भी राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह ही यातायात प्रभावित हो रहा है,परंतु उसके बाद भी प्रशासन ऐसे अतिक्रमण को सडक से हटाने मे गंभीर नजर नही आ रहा,हालात ऐसे ही रहे तो वार्डवासीयों को इसका खामियाजा भुगतना पडेगा।।

**स्कूल की छुट्टी के समय लगता जाम**-:कोयला फैक्ट्री गली वार्ड क्रमांक 7 में यहां का सबसे पुराना अंग्रेजी माध्यम स्कूल स्थित है,स्कूल लगने एवं स्कूल की छुट्टी के दौरान विद्यार्थी अपनी दुपहिया वाहन से 7 नंबर वार्ड की सी.सी.सड़क का चयन कर घर आना जाना करते है,इस दौरान यहा की सड़कों मं स्कूली बच्चों की वाहन से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है,इस मार्ग में कुछ घरों के सामने की दिवारे सड़क पर बने रहने के कारण अक्सर स्कूली बच्चो को भी परेशानी उठानी पडती है,जिस पर प्रशासन को ध्यान देने की बेहद आवश्यकता है।।

*अतिक्रमण वाली जगह को चिन्हित किया गया है,उच्च अधिकारियों का संज्ञान कराकर कार्रवाई की जायेगी।*

**जावेद खान-सी.एम.ओ-नगर पंचायत**

# बर्ड फ्लू नियंत्रण निर्देशों के उल्लंघन पर 8 होटलों पर 65 हजार का लगाया जुर्माना

**रायगढ़, 5 फरवरी।** बर्ड फ्लू नियंत्रण के तहत जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत नगर निगम क्षेत्र में जांच दल द्वारा पोल्ट्री पदार्थों के विक्रय और उपयोग के संबंध में पोल्ट्री मार्केट और होटलों की औचक जांच की गई। चक्रधर नगर पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के संक्रमण वायरल टेस्ट कराया गया। जिसका रिजल्ट नेगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंफेक्टेड जोन में डोर टू डोर संपर्क कर लोगों को सर्दी बुखार की स्थिति में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी।नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि शहर में आमंत्रण होटल, जानकी होटल, पंजाब होटल सहित 8 होटलों में औचक जांच में यहां चिकन पकाते पाया गया। इस पर इन होटलों पर कुल 65 हजार का जुर्माना लगाया गया और चिकन पकाने को बंद कराते हुए सभी होटल प्रबंधन को बर्ड फ्लू के लिए जारी दिशा-निर्देशों के अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई। इसके साथ ही पोल्ट्री मार्केट की भी लगातार जांच जारी है।बर्ड फ्लू नियंत्रण प्रोटोकॉल के तहत पोल्ट्री फार्म में कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सैंपल लिए गए थे। जो संक्रमण वायरल टेस्ट निगेटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इंफेक्टेड जोन में लोगों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे कर लोगों स्वास्थ्य के लिहाज से जरूरी दिशा-निर्देश बताते हुए सर्दी बुखार की दशा में तत्काल उपचार लेने की सलाह दी गई है।

### कलेक्टर ने राइस मिलर्स की ली बैठक

**महासमुंद 5 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। धान खरीदी का सिलसिला 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रहा जिसके अंतर्गत महासमुंद के पंजीकृत 1 लाख 53 हजार 281 किसानों ने धान विक्रय किया। महासमुंद जिला सर्वाधिक 11.04 लाख टन धान खरीद कर राज्य में पहले नंबर पर रहा।

कलेक्टर श्री विनय लंगेह ने आज शाम राइस मिलर्स की बैठक लेकर तेजी से उठाव के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी संपन्न हो चुकी है अतः सभी मिलर धान का उठाव तेजी के साथ करें। उन्होंने जारी किए गए टोकन के अनुसार उठाव करने के निर्देश दिए हैं।

# राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल ने सिरपुर में सांस्कृतिक एवं वास्तु कौशल कला को देखा

**महासमुंद 5 फरवरी ।** रक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अधीन राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के श्रीलंका, मोरेक्को, नाइजेरिया, नेपाल, यूएई सहित देश के 16 सदस्यीय अधिकारियों के दल ने सोमवार को महासमुंद जिले के पर्यटन स्थल सिरपुर का भ्रमण किया। उन्होंने सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर, मूर्ति संग्रहालय, सुरंग टीला, तीवरदेव बौद्ध विहार, स्वास्तिक विहार को देखा और प्राचीन कला की सराहना की।

दल के अधिकारियों ने कहा कि बहुत नजदीक से हमने सिरपुर और छत्तीसगढ़ को देखा है। देख कर यह बात समझ आ रही है कि हम पहले से ही जुड़े हुए हैं, यहां पर आकर जानकारी मिली। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने सिरपुर की सांस्कृतिक एवं वास्तु कौशल कला की विशिष्टताओं सहित विभिन्न विकास गतिविधियों से अध्ययन दल को अवगत कराया। इस दौरान अध्ययन दलों ने सिरपुर के कला, कौशल और प्राचीनतम रूप को देखकर अभिभूत हुए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर श्री रवि राज ठाकुर, आर्कियोलॉजिस्ट श्री प्रभात कुमार सिंह, सिरपुर विकास प्राधिकरण के सीईओ श्री राजेन्द्र राव मौजूद थे।

सिरपुर भ्रमण पर पहुंचे रक्षा अधिकारी दल ने बिहान के महिला स्व सहायता समूह से चर्चा की। इस दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि अब



महिलाएं समूह से जुड़कर आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। वहीं परिवार के पालन-पोषण में उनकी समान सहभागिता रहती है। दल के अधिकारियों ने समूह के महिलाओं और उनके द्वारा संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए और भी बेहतर ढंग से कार्य निष्पादित करने की बात कही। अधिकारियों ने महिला समूह द्वारा बनाए गए उत्पाद की सराहना की। इस दौरान महिला सदस्यों ने अधिकारियों को बांस की टोकरी में उपहार भेंट किया।

बतादें कि राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का अध्ययन दल छत्तीसगढ़ में 2 से 7 फरवरी तक रायपुर, महासमुंद, कोंडागांव, बस्तर, भिलाई आदि के महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन करेंगे। अंडर स्टैंडिंग इंडिया मॉड्यूल के तहत 16 अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ पहुंचा है, जो प्रदेश में विभिन्न पहलुओं सहित राज्य में हो रहे विकास कार्यों और गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति, सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं सहित जनजातीय बाहुल्य इलाकों के विशेष संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां के साथ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग, महिला सशक्तिकरण के साथ ही विकास से जुड़े विषयों पर अध्ययन दल द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। उस राज्य की भाषा, इतिहास, संस्कृति, ज्ञान विज्ञान आदि को अपनायेगा और उसको पूरे देश के सामने रखेगा। जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। दो अलग-अलग राज्यों के लोगों को एक-दूसरे राज्यों की संस्कृति और सभ्यता को समझने एवं अपनाने का मौका मिलेगा जो, निश्चित रूप से पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि करेगा। जिससे आत्मनिर्भर भारत के सपने को बल मिलेगा।

# मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कैसे होगा ईवीएम से मतदान

**महासमुंद 5 फरवरी ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह की मौजूदगी में नगरीय निकाय निर्वाचन.2025 के तहत आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए इलेक्शन रूल और ईव्हीएम डेमो संबंधी मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने बताया कि जिले के 6 नगरीय निकायों के अंतर्गत 144 मतदान केन्द्रों के लिए 404 बैलेट यूनिट एवं 202 कंट्रोल यूनिट उपलब्ध है तथा 50 प्रतिशत बैलेट यूनिट एवं 35 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट आरक्षित किया गया है। इस बार नगरीय निकायों का निर्वाचन पारदर्शी तरीके से ईवीएम मशीन से होगी। उन्होंने कहा कि ईवीएम जागरूकता के लिए प्रत्येक वार्ड और सार्वजनिक स्थानों पर ईवीएम मशीनों का डेमोस्ट्रेशन किया जा रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर में भी कोई भी मतदाता मशीन का अवलोकन कर मॉक पोल कर सकते हैं।

मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरी गोस्वामी ने ईवीएम डेमो प्रदर्शन में जानकारी देते हुए बताया कि सभी नगरीय निकायों में ईवीएम से मतदान होना है। इस बार के निर्वाचन में एम टू टाइप की मशीनें प्रयुक्त होंगीए जिसमें कंट्रोल यूनिट तथा बैलेट यूनिट का ही प्रयोग होगा। वहीं नगर पालिका महासमुंद के वार्ड क्रमांक 06 में पार्षद पद के अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने के कारण एक के स्थान पर दो बीयू का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने ईवीएम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले के स्थानीय नगरीय निकायों के निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिस इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन का उपयोग किया जा रहा है वह बहुपदए बहुस्थान वाली ईवीएम है जिसमें एक मतदाता द्वारा दोनों पदों अध्यक्ष एवं पार्षद पद के लिए दो बार बटन दबाकर मतदान किया जा सकता है। मास्टर ट्रेनर ने कंट्रोल यूनिट के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि कंट्रोल यूनिट के चार भाग हैं जिनमें डिस्प्ले सेक्शनए कैंडिडेट सेक्शनए रिजल्ट सेक्शन एवं बैलेट सेक्शन होते हैं। इसी तरह बैलेट यूनिट के संबंध में बताया गया कि बैलेट यूनिट में 16 बटन होते है। अंतिम ;क्रमांक 16द्ध बटन एंड बटन होता है। मतगणना के लिए मतगणना कक्ष में केवल कंट्रोल यूनिट ही लाई जाएगी।मास्टर ट्रेनर ने ईवीएम मतदान प्रक्रिया के संबंध में बताया कि मतदान अधिकारी क्रमांक 1 द्वारा मतदाता के सत्यता की पुष्टि के पश्चात मतदान अधिकारी क्रमांक.2 मतदाता रजिस्टर में सुसंगत प्रविष्टि और हस्ताक्षर लेगा। इसी प्रकार मतदान अधिकारी क्रमांक 3 सीयू पर बैलेट बटन दबाकर मत जारी करेगा। जिससे वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में सीयू पर लाल बल्ब और बीयू पर हरा बल्ब जलेगा। तत्पश्चात मतदाता मतदान कर सकता है। मतदाता को अध्यक्ष पद के लिए सफेद मत लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगाए इसकी पुष्टि के लिए बीप की छोटी आवाज आएगी। इसी तरह पार्षद पद के लिए गुलाबी लेबल में अपनी पसंद के अभ्यर्थी के सामने के खुले बटन को दबाकर मतदान करना होगा। जिसकी पुष्टि के लिए बीप की लंबी आवाज आएगीए जिसका मतलब होगा कि मतदान पूरा हुआ। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने स्वयं डेमो करके मतदान प्रक्रिया से संबंधित अपने संशय को भी दूर किए।मतदाता के लिए यह बाध्यकारी नहीं है कि वह किस क्रम में मतदान करे। वह दो पदों में से किसी भी पद के लिए मतदान कर सकता है और यह भी अनिवार्य नहीं है कि वह दोनों पदों के लिए मतदान करे। यदि कोई केवल एक पद के लिए मतदान करना चाहे तो वह ऐसा भी कर सकता है। ऐसे में केवल एक मत अंकित होने पर मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी नहीं हो सकेगा। इसलिएए मतदाता केवल एक मत अंकित करने की स्थिति में मशीन के सबसे नीचे या आखिरी बीयू के सबसे नीचे इण्ड बटन दबाएगा। इस प्रकार मशीन से अगले मतदाता के लिए मत जारी हो सकेगा।यदि मतदाता केवल एक पद के लिए मतदान करे और एण्ड बटन न दबा पाएए तब मतदान अधिकारी सीयू का पावर बटन बंद करके दोबारा चालू करेगा और मतदान प्रक्रिया जारी रखेगा। यदि मतदाता किसी भी पद के लिए मतदान न करेए तब भी वह इण्ड बटन दबाकर जा सकता है। दो पदों के लिए एक साथ मतदान होने के कारण बीयू में दो पदों के लिए मत लेबल लगे होंगे। नगरपालिकाध् नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए सफेद रंग का होगा। पार्षद पद के लिए गुलाबी रंग का होगा और इन पर निर्वाचन क्षेत्र अर्थात वार्ड का नाम लिखा होगा।

### कलेक्टर ने किया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रदर्शन का निरीक्षण

**महासमुंद, 5 फरवरी ।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत जिले में मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु ईवीएम प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट में लगाई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) प्रदर्शन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि निर्वाचन आयोग की यह पहल मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने तथा ईवीएम के सही उपयोग की जानकारी देने के उद्देश्य से की जा रही है। प्रदर्शनी के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी रूप में समझने का अवसर मिल रहा है, जिससे वे मतदान के दौरान अधिक आत्मविश्वास के साथ मतदान करेंगे।यह प्रदर्शन तिथिवार विभिन्न वार्डों में आयोजित की जा रही है।

# आदिवासियों को मुखबिर बता कर देर रात हथियार से गला रेत कर की गई हत्या

**बीजापुर,5 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घटना दिनांक 03/02/2025 के रात्रि में अज्ञात माओवादियों के द्वारा बुड़गीचेरू के दो ग्रामीण को घर से बाहर निकाल कर धारदार हथियार से गला रेत कर की गई हत्या। कारम राजू पिता बारे उम्र 32 वर्ष तालाब पारा बुड़गीचेरू एवं माड़वी मुन्ना पिता सुकड़ा उम्र 27 वर्ष निवासी नयापारा बुड़गीचेरू की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है।कारम राजू जो पूर्व में माओवादी संगठन में सक्रिय था, संगठन छोड़कर गांव में सामान्य जीवन जी रहा था। माओवादियों के द्वारा कारम राजू की दिनांक 3/02/2025 की रात्रि में धारदार हथियार से गला रेत कर नृशंस हत्या की गई।माड़वी मुन्ना को माओवादियों के द्वारा पूर्व में मुखबिरी करने एवं सूचना देने के नाम पर मारपीट किया गया था। माड़वी मुन्ना के बड़े भाई की भी कुछ वर्ष पहले ग्राम पोटाली जिला दंतेवाड़ा में माओवादियों द्वारा में हत्या की गई है।घटनास्थल पर प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के जगरगुंडा एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा बरामद हुआ है, जिसमें दोनों मृतकों पर पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर हत्या करना लेख किया गया है।सूचना पर थाना तर्रेम द्वारा दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।जिले में चलाए जा रहे माओवादी विरोधी अभियान में लगातार पुलिस को मिल रही सफलता से माओवादी संगठन को काफी नुकसान उठाना पड़ा है, साथ ही माओवादियों के कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैंप के निर्माण से माओवादियों का आधार क्षेत्र सिमट रहा है। इस बात की खीझ माओवादी आम निर्दोष आदिवासी समुदाय के ग्रामीणों पर निकाल रहे है एवं कभी गद्दारी, कभी पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर भय का माहौल निर्मित करने के लिए आम लोगों की नृशंस हत्या कर अपने जनविरोधी, आदिवासी विरोधी, विकास विरोधी होने का परिचय दे रहे है।

# बर्डफ्लू रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए टीम गठित

**बीजापुर,5 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय पशु चिकित्सा सेवायें छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें बीजापुर द्वारा सर्वेक्षण टीम का गठन किया गया है। जिला बीजापुर अर्न्तगत बर्डफ्लू रोग के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रक्षेत्रों (प्राईवेट) कुक्कुट बाजार, पशु पक्षी वधगृह, जल स्त्रोतों एवं पनासी पक्षियों के भ्रमण, विचरण स्थानों के निरीक्षण एवं निगरानी करने हेतु नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो पक्षियों के असमान्य मृत्यु या बीमारी होने की स्थिति में बर्डफ्लू रोग की संभावना होने पर तत्काल पूर्ण विवरण के साथ जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोग शाला भेजना सुनिश्चित करेंगे।

# ईवीएम का प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन पूर्ण

**बीजापुर,5 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामान्य प्रेक्षक श्री नीलम टोप्पो, रिटर्निंग ऑफिसर श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल की उपस्थिति में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर पालिका बीजापुर के मतदान हेतु ईव्हीएम मशीनों का प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन जिला कार्यालय के इन्द्रावती कक्ष में सम्पन्न हुआ। वहीं अंतिम चरण का रेण्डमाईजेशन 06 फरवरी को होगा। रेण्डमाईजेशन के दौरान अध्यक्ष एवं पार्षद पद के अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे।

# सशिमं में बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन

**महासमुंद,5 फरवरी।** स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती की गई। इस यज्ञ अनुष्ठान का वैदिक विधि विधान से वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा संपन्न करवाया गया। पूजन में विद्यालय के पूर्व छात्रा प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष राजेश लूनिया, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम सोनी, आदर्श शिक्षा मंडल समिति के कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं विद्यालय की दीदी आचार्य एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। विद्यारंभ संस्कार के लिए 95 छात्र-छात्राओं का पंजीयन हुआ था। जिसमे 35 छात्र-छात्राओं का पट्टी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के दीदी, आचार्यों, अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा वनांचल शिक्षा सेवान्यास रायपुर के लिए एकत्रित समर्पण राशि मां सरस्वती के चरणों में समर्पित किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में आचार्य बलराम सेन, शिव कुमार कन्नौजे, किरण साहू, अश्वनी साहू, तुलसीराम पटेल, कुंजलाल पटेल, हेमंत साहू, अजय तांडी, हेमलाल चंद्राकर, आचार्या मनोज साहू, आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, अनुराधा चंद्राकर, किरण सोनी, गुरूवारी सोनी, मल्लिका चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, निशा गोस्वामी, तनुजा साहू, सरोजनी साव, टिकेश्वरी, चंद्राकर, साक्षी घोड़ेचोरे, तनुजा साहू, संतोषी साहू एवं समस्त दीदी / आचार्यों का सहयोग रहा।स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती की गई। इस यज्ञ अनुष्ठान का वैदिक विधि विधान से वरिष्ठ आचार्य बलराम सेन द्वारा संपन्न करवाया गया। पूजन में विद्यालय के पूर्व छात्रा प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष राजेश लूनिया, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम सोनी, आदर्श शिक्षा मंडल समिति के कोषाध्यक्ष महेश मक्कड़, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर एवं विद्यालय की दीदी आचार्य एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यारंभ संस्कार के लिए 95 छात्र-छात्राओं का पंजीयन हुआ था। जिसमे 35 छात्र-छात्राओं का पट्टी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया।

# अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारियों का लिया जायजा

## श्रद्धालुओं की सुविधा के कार्यों को तेजी से पूरा कराने के निर्देश

**रायपुर 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध राजिम कुंभ कल्प मेला की तैयारियां नए मेला स्थल पर जोरों पर चल रही हैं। यह भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन 14 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक चलेगा। अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान रायपुर संभाग आयुक्त श्री महादेव कावरे, प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

राजिम कुंभ कल्प मेला छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज भी कहा जाता है। त्रिवेणी संगम (राजिम) में यह कुंभ माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक आयोजित होता है, जिसमें संत समागम, आरती और विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। देशभर से साधु-संत, श्रद्धालु और पर्यटक इस कुंभ में शामिल होते हैं। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को मेला स्थल पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच निर्माण, दुकानों, विभागीय स्टॉल, मीना बाजार, फूड जोन, पार्किंग, हेलीपैड, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं परिवहन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।अपर मुख्य सचिव ने राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच, संत समागम स्थल, आरती स्थल एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर में आवश्यक प्रबंध के साथ ही श्रद्धालुओं के ठहरने एवं भोजन के लिए दाल-भात केंद्र, अस्थायी कुटिया एवं जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला परिसर सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सुरक्षा, फायर ब्रिगेड एवं एम्बुलेंस की तैनाती, नदी किनारे सजावट, लाइटिंग, शौचालय एवं हाईमास्ट लाइट की व्यवस्था, बस स्टैंड से मेला स्थल तक श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित शुल्क पर बस सेवा के साथ ही वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएचई विभाग सहित अन्य विभागों को अपने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने नए मेला स्थल पर वीआईपी पार्किंग, आम श्रद्धालुओं के आवागमन, मंच व्यवस्था, मीना बाजार, फूड ज़ोन और हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने राजीव लोचन मंदिर, संत समागम स्थल और आरती स्थल से नए मेला स्थल निर्माणाधीन सड़क कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### गांजा की तस्करी करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 5 फरवरी।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना पलारी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 02 आरोपियों को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर दिनांक 04.02.2025 को थाना पलारी से सहायक उप निरीक्षक राजेश सेन, प्रधान आरक्षक अरशद खान, आरक्षक संजय गुप्ता, दीपक कुमार साहू, सुनित कुमार भानु, महिला आरक्षक आशा भारती की पुलिस टीम द्वारा ग्राम रोहांसी सेमरिया रोड टेमरी नाला के पास घेराबंदी कर अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा दोनों आरोपियों एवं उसके मोटरसाइकिल का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपियों की मोटरसाइकिल की डिक्की से पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया।

### जिले के 16345 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**बलौदाबाजार, 5 फरवरी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के लिए जिले में स्वीकृत 7490 पद के विरुद्ध 16345 दावेदारों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य के कुल 18 पदों के विरुद्ध 134 अभ्यर्थी, जनपद पंचायत सदस्य के 125 पद के विरुद्ध 649, सरपंच के 519 पद के विरुद्ध 2479 एवं पंच के 6828 पद के विरुद्ध 13083 अभ्यर्थियों नें नामांकन पत्र सम्बंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में जमा किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने वाले कोई अभ्यर्थी यदि नाम वापस लेना चाहते हों तो 6 फ़रवरी 2025 तक अभ्यर्थिता वापस ले सकते हैं।

### 3 आदतन अपराधियों को किया गया जिलाबदर

**कसडोल 5 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले के 03 आदतन अपराधियों को किया गया जिलाबदर आदतन अपराधी महेश्वर उर्फ डीके, विशाल साहू एवं अनिल तिवारी को किया गया जिलाबदर आपरेशन विश्वास के तहत बदमाशों पर हो रही लगातार कार्यवाही, कई अन्य बदमाशों के ऊपर कार्यवाही प्रक्रिया में जिलाबदर आरोपियों के नाम- 1. महेश्वर उर्फ डीके निवासी परसाभदेर रोड भाठागांव थाना सिटी कोतवाली 2. विशाल साहू उम्र 22 साल निवासी पारस नगर सेक्टर 01 कसडोल थाना कसडोल 3. अनिल तिवारी उम्र 40 साल निवासी बजरंग चौक कसडोल थाना कसडोल।

# नगर पालिका तिल्दा नेवरा के चुनावी मैदान में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा नेवरा 5 फरवरी। नगर पालिका तिल्दा नेवरा के चुनावी मैदान में इस बार बीजेपी और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है. बीजेपी ने जहां अपनी पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं कांग्रेस भी अपनी रणनीति के साथ मजबूती से डटी हुई है. कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा भाजपा के लिए जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी लक्ष्मी नारायण वर्मा,छाया वर्मा ,राम गिड़लानी ,शैलेश नितिन त्रिवेदी मैदान में डटे हुए हैं. भाजपा प्रत्याशी चन्द्रकला वर्मा ने अपने चुनाव प्रचार को गति देते हुए घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जनता से आशीर्वाद लिया और अपने संकल्पों को साझा किया। जनसंपर्क अभियान के तहत

भाजपा प्रत्याशियों ने मतदाताओं से सीधा संवाद किया और नगर के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चन्द्रकला वर्मा ने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता नगर के चहुंमुखी विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। वहीं, पार्षद प्रत्याशी जयेश पैकरा ,ईश्वर यदु, विनोद नेताम ने क्षेत्र की समस्याओं को हल करने और जनसेवा को अपना मुख्य लक्ष्य बताया।जनता ने भी भाजपा प्रत्याशियों को अपार समर्थन देते हुए भरोसा जताया कि उनकी जीत से नगर को नया आयाम मिलेगा। विभिन्न क्षेत्रों में किए गए जनसंपर्क के दौरान लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाजपा उम्मीदवारों का स्वागत किया और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई। भाजपा प्रत्याशियों का यह जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है, जिससे चुनावी माहौल में तेजी देखने को मिल रही है। कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा वार्डो में जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे है । वार्ड क्रमांक 4 , 3 में जनसंपर्क किया वार्ड क्रमांक चार में पार्षद प्रत्याशी दशरथ डहरिया के साथ उन्होंने जनता का आशीर्वाद लिया आम जनता इस बार उन्हें समर्थन और अपना आशीर्वाद देते दिखे गोदडी धाम में पूजा अर्चना कर आम लंगर में अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा,राम गिड़लानी , पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी,एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता और पार्षद प्रत्याशी ,भारी संख्या में समर्थक और नागरिक गण मौजूद रहे।

बीजेपी और कांग्रेस में सीधा टक्कर ऱ्यु तो नगर पालिका अध्यक्ष के लिए आम आदमी पार्टी के साथ कुछ निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान में उतरे है लेकिन इनका कोई भी जनाधार नहीं दिख रहा है इस बार का नगर पालिका चुनाव बेहद दिलचस्प होता जा रहा है. जहां भाजपा अपने संगठन के दम पर जनता को लुभाने में लगी हुई है, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अपने कार्यों के बल पर जनता का विश्वास जीतने की कोशिश कर रहे हैं.अब देखना यह होगा कि तिल्दा नेवरा की जनता किसे अपना नया अध्यक्ष चुनती है और कौन इस नगर के विकास का जिम्मा संभालता है।

## समाचार संक्षेप

### मातादेवालय वार्ड में भाजपा प्रत्याशी सतीश तलरेजा ने जनता से लिया आशीर्वाद

**भाटापारा 5 फरवरी।** मातादेवालय वार्ड से तीसरी बार भाजपा के पार्षद के प्रत्याशी सतीश तालरेजा वार्ड में लगातार जनसंपर्क कर वार्ड की जनता से आशीर्वाद ले रहे हैं और वार्ड की जनता का उनको भरपूर सहयोग मिल रहा है वही तलरेजा मतदाताओं के बीच इसी बात को लेकर अपील कर रहे हैं कि वार्ड की साफ सफाई शुद्ध तेजल वी आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता से कराया जाएगा यही उनकी प्राथमिकता है वही मातादेवालय वार्ड में तालाब का सौंदर्यी करण हो चुका है इसे और अच्छे ढंग से व्यवस्थित किया जाएगा वैसे इस वार्ड में हर वर्ग का उन्हें सहयोग मिल रहा है , वे सांसद बृजमोहन अग्रवाल के करीबी भी है उनके पक्ष में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के द्वारा पार्षद के अलावा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा के लिए जोर-जोर से प्रचार किया जा रहा है।

### चुनाव के लिए नगर की गलियों के साथ ही चौक- चौराहों पर पुलिस मुस्तैद

**कसडोल 5 फरवरी।** चुनावी समर में पुलिस की मुस्तैदी, नगर की गलियों के साथ ही चौक- चौराहों पर भी देखने को मिल रही है ! लगातार असामाजिक तत्वों पर कसडोल पुलिस कार्यवाही कर रही है ताकि जनता निश्चिंत होकर और निर्भय हो कर अपने मत का उपयोग कर सके ! टी आई रितेश मिश्रा निरंतर नगर भ्रमण कर , शांतिपूर्ण मतदान के लिए संकल्पित हैं ! इसी के अंतर्गत आज ,थाना कसडोल में कुल 04 गुंडा- बदमाशों पर 10-10 हजार रुपए का बांड ओवर की कार्यवाही , आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुवे ,शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए किया गया !

# सभी सहकारी समितियों क़ो ई- पैक्स मॉड्यूल में परिवर्तित कराएं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी नें मंगलवार क़ो संपर्क केंद्र से सभी सहकारी समिति प्रबंधको क़ी ऑनलाइन बैठक लेकर सभी 129 सहकारी समितियों क़ो 31 मार्च 2025 तक ई - पैक्स मॉड्यूल में तब्दील कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही समर्थन मूल्य में धान खरीदी उपरांत उपार्जन केंद्रों में रखे गये धान का तेजी से उठाव कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर नें कहा कि जिले में धान खरीदी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ है जिसमें समिति स्तर से लेकर विभागीय अधिकारी कर्मचारियों क़ा सहयोग रहा है। इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। धान उठाव में तेजी लाने के लिए जिला

विपणन अधिकारी क़ो ओवर राईट दिया गया है जो आवश्यकता अनुसार उपार्जन केंद्र से धान उठाव के लिए आवश्यक कार्यवाही करेंगे। उन्होंने बताया कि समितियो क़ो ई -पैक्स के लिए डाटा एंट्री एवं अन्य तकनीककी सहायता के लिए नेक्टर इंफोटेक द्वारा सहयोग किया जाएगा। उन्होंने किसान पंजीयन अभियान अंतर्गत किसानों के पंजीयन कार्य में भी तेजी लाने कहा। इसके लिए लोक सेवा केंद्र के व्हीएल ई क़ो समितियों में बैठाकर किसान पंजीयन में सहयोग लेने कहा।

बताया गया कि प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को मज़बूत करने के लिए भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने इन समितियों के कम्प्यूटरीकरण की परियोजना शुरू की है।इस परियोजना का मकसद, पैक्स की दक्षता बढ़ाना और इनके संचालन को आसान बनाना है। इस परियोजना के तहत पैक्स को एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग आधारित सॉफ़्टवेयर पर लाया जा रहा है।इस परियोजना के ज़रिए पैक्स को अपने काम ऑनलाइन करने में सक्षम बनाना,पैक्स के संचालन में पारदर्शिता बढ़ना,किसानों के बीच पैक्स के कामकाज में विश्वसनीयता लाना मुख्य उदेश्य है।

### ईवीएम का किया गया प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 5 फरवरी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2025 के तहत नगरीय निकाय के तहत आज सुबह 11.30 बजे ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रैंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

### ऑटो एक्सपो में डीलर्स के डेकोरेटेड स्टॉल भी बने आकर्षण के केन्द्र

**रायपुर 5 फरवरी।** ऑटो एक्सपो का आयोजन राडा ने साइंस कॉलेज मैदान में पूरी प्लानिंग के साथ किया है मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर हर स्टॉल इतना व्यवस्थित स्वरूप में हैं कि वहां पहुंचने वाले कस्टमर को पूरे वाहन का डिसप्ले आसानी से देखने व परखने मिल रहा है। वहीं ऑटोमोबाइल डीलर्स ने भी अपने स्टॉल को खूबसूरत ढंग से डेकोरेटेड किया है ताकि वाहनों का आकर्षण और बढ़ सके। स्टॉलों में लगे टीवी स्क्रीन पर वाहनों के फीचर की खूबियां प्रदर्शित हो रहे हैं। वहीं कुछ लीक से हटकर हैं जैसे जायका ऑटो, जीके इलेक्ट्रिक, स्काई ऑटो ने अपने स्टॉल सजा रखे हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) के अध्यक्ष श्री रविन्द्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने बताया कि संभवत- रायपुर का यह ऑटो एक्सपो इकलौता आयोजन होगा जो कि पूरे एक माह के लिए संचालित हो रहा है। वैसे देखें तो वाहनों की खरीदी के लिए अब कोई परेशानी नहीं होती है क्योकि आसान प्रक्रियाओं के साथ फाइनेंस की सुविधा मिल जाती है। लेकिन ऑटो एक्सपो एक ऐसा प्लेटफार्म दे रहा है जिसमें सभी प्रकार के वाहन एक ही जगह पर मौजूद मिल रहे हैं।

### नाम परिवर्तन

मैं जगदीश साहू पिता श्री देवीराम साहू निवासी ग्राम पटपर पो. पटपर थाना चौकी चिचोला तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरा वास्तविक नाम जगदीश साहू हैं जो मेरे समस्त दस्तावेज अंकित हैं । मेरे राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम जग्गूराम अंकित हो गया हैं जिसे मैं अपना नाम जगदीश साहू पिता श्री देवीराम साहू परिवर्तन कर छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहता हूं एवं इस नाम से जाना एव पहचाना जावे।

सुचना जाने ।

**भवदीय**
**(जगदीश साहू)**

### नाम परिवर्तन

मैं पवन सेन पिता श्री भगवती सेन निवासी अटल आवास भुरवाटोला वार्ड नं. 20 डोंगरगढ थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सोमीया सेन हैं जो मेरे पुत्री के समस्त दस्तावेज में अंकित हैं । मेरे पुत्री के शाला अभिलेख में मेरा नाम सौम्या सेन अंकित हो गया हैं जिसे मैं अपने पुत्री का नाम सोमीया सेन पिता पवन सेन परिवर्तन कर छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहता हूं एवं इस नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

**भवदीय**
**(पवन सेन)**

### नाम परिवर्तन

मैं भैयालाल सहारे पिता श्री मिथुनलाल सहारे निवासी ग्राम सिवनीकला पो. मोहारा थाना चौकी मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरी पुत्री का वास्तविक नाम शालनी सहारे हैं जो मेरे पुत्री के समस्त दस्तावेज में अकित हैं। मेरे पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम शालिनी सहारे अंकित हो गया हैं जिसे मैं अपने पुत्री का नाम शालनी सहारे पिता भैयालाल सहारे परिवर्तन कर छ.ग. के राजपत्र में नाम प्रकाशन करना चाहता हूं एवं इस नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सुचना जाने ।

**भवदीय**
**(भैयालाल सहारे)**

# सिरसिदा में श्रीराम कथा मानसगान सम्मेलन 7 फरवरी से प्रारंभ होगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा 5 फरवरी।** विकासखंड के ग्राम पंचायत सिरसिदा मे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की असीम कृपा एवं गांव की आराध्य देवी माता शीतला के आशीर्वाद व समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से शुक्रवार 07 फरवरी से रविवार 09 फरवरी तक त्रिदिवसीय श्रीराम कथा मानसगान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है । जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्याति प्राप्त 19 अलग अलग मानस मंडलीयां अपनी प्रस्तुति प्रदान करेंगी । श्रीराम कथा मानसगान सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मोतीलाल ठाकुर सदस्य जनपद पंचायत चारामा,अध्यक्षता श्री यादो राम




साहू अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान ग्राम सिरसिदा व विशिष्ट अतिथि श्रीमती डोमेश्वरी कोवाची सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा,श्री हेमराज कुटारे उप सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा,श्रीमती बिसमत नरेटी सरपंच ग्राम पंचायत दरगहन,श्री देवराज तेता सरपंच ग्राम पंचायत बड़ेगौरी,श्री के एस ठाकुर,श्री कन्हैया लाल उन्द्रा एवं श्री सिया राम साहू जी होंगे ।

# जनपद सदस्य पद के लिए जनता व कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालकर भरा नामांकन

**डौण्डी 5 फरवरी।** जनपद पंचायत डौण्डी क्षेत्र क्र0 4 कुसुमकसा जनपद सदस्य पद का आरक्षण अनारक्षित महिला बन कर उभरा है। इस क्षेत्र से पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस की धर्म पत्नी मंजू संजय बैस क्षेत्र के आम जनता की पहली पसंद होने को लेकर क्षेत्र की आम जनता व कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकाल कर प्रभु राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना कर जनपद पंचायत क्षेत्र क्र0 4 कुसुमकसा से जनपद सदस्य पद प्रत्याशी के रूप में निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नमांकन प्रस्तुत किया है। भाजपा प्रत्याशी मंजू बैस को उनके पति संजय बैंस के जनहित के कार्यों को देखते हुए क्षेत्र की महिला युवा पुरूष सहित सभी वर्गो का भरपुर सहयोग मिल रहा है। जनता उन्हें जनपद सदस्य के रूप में अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। मंजू बैस को क्षेत्र की जनता का भरपूर प्यार वो सहयोग मिल रहा है। जनपद सदस्य में नाम वापसी का दिन 6 फरवरी शासन ने घोषित किया है। मंजू बैस नमांकन दाखिल करने के पश्चात ही क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में कार्यकर्ताओं के साथ जुट गई है।

## ईवीएम का हैंडसऑन प्रशिक्षण देने एवं बारीकी समझाने के दिये निर्देश

# कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 फ़रवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी मंगलवार क़ो नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण पर भाटापारा पहुंचे। उन्होंनें यहां पंचम दीवान स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहे मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और संजीदगी से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। उन्होंने ईव्ही एम का हैंडसऑन प्रशिक्षण देने के साथ ही बारीकी समझाने एवं शांकओ का समाधान करने मास्टर ट्रैनर क़ो निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सोनी नें कहा कि सभी मतदान अधिकारी ई व्ही एम से मतदान प्रक्रिया क़ो भली-भांति समझ लें। किसी प्रकार क़ी शंका हो तो दूर कर लें। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान के लिए महिला कर्मचारियों क़ी ही ड्यूटी लगाई गई है। 10 फ़रवरी क़ो मतदान सामग्री वितरण किया

जाएगा।

सभी मतदान अधिकारी लगभग प्रातः 10 बजे सामग्री वितरण स्थल पहुंचेंगे। मतदान कर्मियों के ठहरने के लिए स्थल तय किये गये हैं। इस दौरान आवश्यक सहयोग के लिए एक- एक सहायक क़ी भी ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी बेहतर प्रशिक्षण लेकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। कलेक्टर नें इसके पश्चात् मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय का भी निरीक्षण कर व्यस्थाओं का जायजा लिया और जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने पण्डित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और जरुरी निर्देश दिए।

बताया गया कि नगर पालिका परिषद भाटापारा में अध्यक्ष व पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में 61 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा मतदान कराने के लिए रिजर्व सहित कुल 300 मतदानकर्मियों क़ी ड्यूटी लगाई गई है। इसीतरह नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में अध्यक्ष एवं पार्षद के चुनाव के लिए 21 वार्डो में मतदान के लिए 30 मतदान केंद्र बनाए गये हैं तथा रिजर्व सहित कुल 148 मतदानकर्मियों क़ी ड्यूटी लगाई गई है।

इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी भाटापारा अभिषेक गुप्ता, रिटर्निंग अधिकारी बलौदाबाजार सुश्री दीप्ती गौते सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) आरंग जिला- रायपुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्रमांक 202401112400043
अ/6 वर्ष 2023-24
पक्षकार लक्की वर्मा
वि. रामखेलावन वगै.
ग्राम- नरदहा तहसील मंदिर हसौद
जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति,
कमलनारायण
पिता श्री स्व. फिरतराम वर्मा
निवासी- दुबे कालोनी मोवा
तहसील व जिला रायपुर,

**//सूचना का प्रकाशन//**

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तसीगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक रा.प्र. क्रमांक 202401112400043 अ/6 वर्ष 2023-24 में दिनांक 06/02/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उत्तरवादी की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि में उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा में उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 23/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202501092100041
अ/6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रकाशचंद अग्रवाल आ. राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, जाति अग्रवाल, निवासी 162, संजय नगर वार्ड नंबर 09 डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि अनावेदकगण (1. दीपक अग्रवाल आ. स्व. दर्शन अग्रवाल जाति अग्रवाल 2. अंशु अग्रवाल आ. स्व. दर्शन अग्रवाल जाति अग्रवाल 3. अंजलि अग्रवाल आ. स्व. दर्शन अग्रवाल जाति अग्रवाल सभी निवासी गली नंबर 1, शुद्धता सुपर सेल के सामने, श्रीनगर शिवानंद नगर, सेक्टर 2 खमतराई, जिला रायपुर छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड नंबर 1637/1 का टुकड़ा एवं 1637/2 का टुकड़ा क्षेत्रफल क्रमशः 640 एवं 21 वर्गफुट कुल भूखण्ड नंबर 2 कुल क्षेत्रफल 661 वर्गफुट नरसिंग वार्ड नंबर 12 सरल क्रमांक 2 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के शीट क्रमांक 6 नजूल शहर डोंगरगढ़ के राजस्व अभिलेखों में दर्ज चली आ रही है। राजस्व अभिलेखों से अनावेदकगण का नाम खारिज कर आवेदक के नाम भूखंड नंबर 1637/1 का टुकड़ा एवं 1637/2 का टुकड़ा क्षेत्रफल क्रमशः 640 एवं 21 वर्गफुट कुल भूखण्ड क्रमांक 2 कुल क्षेत्रफल 661 वर्गफुट दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 07/02/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## एक नजर

### कैंसर अनुसंधान और देखभाल के लिए पहल

**रायपुर, 5 फरवरी।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने भारत में कैंसर अनुसंधान और रोगी की देखभाल से जुड़ी पहलों का समर्थन करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दृढ़ की है। एक्सिस बैंक ने अपनी सीएसआर प्रतिबद्धता के अंग के रूप में, भारत में तीन प्रतिष्ठित कैंसर संस्थानों - टाटा मेमोरियल सेंटर के तहत नेशनल कैंसर ग्रिड (एनसीजी), इंडियन कैंसर सोसाइटी (आईसीएस) और सेंट जूड इंडिया चाइल्डकेयर सेंटर्स के साथ साझेदारी की है, ताकि ऑन्कोलॉजी में भारत की डिजिटल क्षमताओं का निर्माण किया जा सके, कैंसर देखभाल की पहुंच बढ़ाई जा सके, कैंसर के शुरुआती निदान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और कैंसर अनुसंधान और नवोन्मेष को आगे बढ़ाया जा सके।

### कैट के राष्ट्रीय चेयरमैन का किया स्वागत

**रायपुर, 5 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल का रायपुर आगमन पर कैट पदाधिकारियों ने कैट के प्रदेश कार्यालय में स्वागत किया। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट के राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल का रायपुर आगमन पर कैट पदाधिकारियों ने अग्रवाल का स्वागत सम्मान किया। कैट पदाधिकारियों ने चर्चा के दौरान अग्रवाल को अवगत कराया कि प्रदेश के राईस मिलर्स हेतु खाद्य मंत्रालय भारत सरकार से भारतीय खाद्य निगम में जगह उपलब्ध कराया जाना चाहिए एवं प्रदेश में चॉवल के गुणवत्ता प्रयोगशाला की स्थापना की मांग की गई।

### अजय जामवाल ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से की मुलाकात

**रायपुर, 5 फरवरी।** मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बसंत पंचमी के सुअवसर पर खारुन नदी के किनारे गोमची स्थित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मुलाकात की। यह जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश तिवारी ने बताया कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम पहुँचे थे।उन्होंने निवास रत वृद्धों से मुलाकात की। साथ ही आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।
मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ भाजपा के के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने वृद्ध जनों को संबोधित किया।श्री जामवाल ने कहा आज बसंत पंचमी के सुअवसर पर आप बुजुर्गों से मुलाकात कर मन प्रफुल्लित है। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी भी उपस्थित थी।

### निधन

**प्रफुल्ल शर्मा**

**रायपुर, 5 फरवरी।** 74 वर्षीय प्रफुल्ल शर्मा पिता स्व. खूबीराम पांडेय इल्दा वाले का प्रातः 8.30 बजे निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास कैलाशपुरी से दोपहर 2 बजे निकाली गई।

---

नेता प्रतिपक्ष महंत के बयान पर लगाए जा रहे कई कयास

# सिंहदेव को पीसीसी अध्यक्ष बनाने की कवायद

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 5 फरवरी।** नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा अंबिकापुर में कल पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के बयान के अनेक सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। कांग्रेसजन नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के परिणामों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके पश्चात ही कोई रणनीति बनाई जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार इस समय प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बगावत के सुर उठने लगे हैं। इसके चलते अध्यक्ष दीपक बैज को हटाने की संभावना जताई जा रही है। बैज ने अपने करीबी मलकीत सिंह गैद को जगदलपुर से महापौर का प्रत्याशी बनाया है। इस समय दुर्ग व राजनांदगांव के पार्षद एवं महापौर प्रत्याशी के चयन को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनेक स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस के सभी निर्वाचित विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

प्रदेश में इस समय नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव हो रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा और कांग्रेस अपनी-अपनी जीत का दावा कर रही हैं। परिणाम निकलने के बाद कांग्रेस के संगठन में भी भारी फेरबदल के संकेत हैं। इस समय ईडी, आयकर द्वारा निरंतर छापों के पश्चात करोड़ों की संपत्ति जब्त की जा रही है जिससे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब हो रही है। वहीं पीएससी घोटाले में सीबीआई के छापे के पश्चात चेयरमेन सोनवानी तथा उनके परिजनों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इसलिए कांग्रेसजन अब साफ-सुथरी छवि वाले नेता को पीसीसी प्रमुख बनाना चाहते हैं। इसके लिए अंबिकापुर के राजपरिवार के सदस्य तथा एआईसीसी के पदाधिकारी रह चुके टीएस सिंहदेव का नाम आगे किया जा रहा है। ताकि एक तीर से दो निशाने लगाए जा सके।

## जनता के साथ-साथ अब कांग्रेस ने भी किया भूपेश बघेल से किनारा: किरण देव

**रायपुर, 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के उस बयान पर कटाक्ष किया है, जिसमें महंत ने अगला विधानसभा चुनाव पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव के नेतृत्व में लड़ने का ऐलान किया है। देव ने कहा कि महंत का यह बयान कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता-संघर्ष और गुटीय घमासान का ही परिचायक है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि कांग्रेस की पूरी विचारधारा ही भ्रष्टाचार-केंद्रित है। कांग्रेस नेताओं का संकल्प भ्रष्टाचार करना ही है। कांग्रेस की यह विचारधारा भूपेश बघेल और एजाज ढेबर को बनाती है, फिर उसे 'यूज एण्ड थ्रो' कर देती है, फिर नए बघेल और ढेबर तलाशती है जो जनता से लूट कर सकें। देव ने कहा कि यही कांग्रेस की विचारधारा है। कांग्रेस के डीएनए में रचा-बसा भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा, चाहे नेतृत्व कांग्रेस में कोई भी करे। कांग्रेस को अपने नित-नए 'एटीएम' खोलने वाले नेता चाहिए, वह कौन होगा, कांग्रेस को उससे कोई मतलब नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि प्रदेश की जनता ने इस बात को माना था कि भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश में भयंकर भ्रष्टाचार हुआ, घपले-घोटाले हुए, छत्तीसगढ़ महतारी के खजाने को लूटा गया, जनता के अधिकारों को छीना गया। और अब, जबकि जनता ने कांग्रेस से किनारा कर लिया तो अब कांग्रेस भी बघेल से किनारा कर रही है। देव ने कहा कि एक तरह से बघेल के नेतृत्व को महंत ने ठुकरा दिया है। अगले विधानसभा चुनाव में अभी चार साल चल पड़े हैं, लेकिन उसके पहले ही महंत ने इस बात की घोषणा करके कहीं-न-कहीं बघेल को एक संदेश दे दिया है कि उनका नेतृत्व कांग्रेस को स्वीकार नहीं है।

# अपार आईडी पर दो कालेजों में एमओयू

**रायपुर, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं गवर्नमेंट के .आर.डी. कॉलेज नवागढ़ बेमेतरा के संयुक्त तत्वाधान में आईसीटी सेल द्वारा अपार आईडी गोल, बेनिफिट्स और क्रिएशन विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं गवर्नमेंट के .आर.डी. कॉलेज नवागढ़ बेमेतरा के मध्य एमओयू पर दोनों कॉलेज के प्राचार्य ने हस्ताक्षर किए। प्रो. गिरीश कांत पाण्डेय ने कहा कालेज के इतिहास में आज पहली बार, शासकीय के आर डी महाविद्यालय, नवागढ़ और विप्र महाविद्यालय, रायपुर के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। इस एमओयू का लाभ छात्रों और शिक्षकों को शोध, संगोष्ठी, कार्यशाला और विशेषज्ञों के आपसी विमर्श के रूप में मिलेगा।

इस एमओयू के आधार पर, दोनों महाविद्यालय द्वारा, आज ही पहली बार सेमिनार का आयोजन होने जा रहा है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता प्रो. गिरीशकांत पांडेय (पूर्व कुल सचिव पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं प्राचार्य गवर्नमेंट के.आर.डी. कॉलेज नवागढ़) ने अपार आईडी की आवश्यकता और महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के साथ प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अपार आईडी क्रिएट करना आवश्यक हो गया है।

# चेंबर निर्वाचन अधिकारी को सौंपी गई सदस्यता सूची

**रायपुर, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने चेंबर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के नाम के पत्र के साथ चेंबर सदस्यता सूची 23 जुलाई तक, कुल सदस्य संख्या 2748., पृष्ठ क्रमांक 1 से 13.9 तक तथा चेंबर चुनाव संबंधी मार्ग निर्देशिका 2025 एवं मतदान हेतु चयनित शहरों की सूची निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचंद गोलछा को सौंपी। इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल एवं मंत्री अमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

# प्रत्याशी दे रहे घर-घर दस्तक

## गर्मी के साथ ही बढ़ता जा रहा सियासी पारा, मूणत ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 फरवरी।** राजधानी में नगर निगम के पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों ने घर-घर जाकर चुनावी दस्तक देना शुरू कर दिया है। भाजपा की ओर से विधायक राजेश मूणत अनेक स्थानों पर कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के भी चुनाव मैदान में उतरने का कार्यक्रम है।

रायपुर नगर निगम में कुल 70 वार्ड हैं जिनमें से 12 आरक्षित, 22 महिला संवर्ग-पिछड़ा वर्ग तथा शेष सामान्य वार्डों में प्रचार प्रसार तेज हो गया है। विवेकानंद वार्ड सदर बाजार में भाजपा के मुरली शर्मा और कांग्रेस के राहुल तिवारी के बीच सीधा मुकाबला है। यहां पर आप प्रत्याशी राजेंद्र डागा भी चुनाव मैदान में हैं। वे पूर्व सभापति के भाई हैं। कई वार्डों में महिला मोर्चा ने भी स्थिति संभाल ली है। विपिन बिहारी सूर वार्ड में पिछड़ा वर्ग के मनोज वर्मा चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वे अपने करीबियों को टक्कर दे रहे हैं। ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में कांग्रेस की संगीता दुबे और भाजपा की सुमन पांडेय आमने-सामने हैं। राजेश मूणत ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अशोक वाटिका में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर दलीय प्रत्याशियों को जिताने की अपील की है।

भाजपा प्रवक्ता के अनुसार महापौर पद की प्रत्याशी मीनल चौबे ने नौ से अधिक वार्डों का दौरा कर लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे भी अनेक वार्डों का दौरा कर रहीं हैं। आप प्रत्याशी डॉ. शिवांगी तिवारी हैं। महापौर पद के लिए कुल 16 प्रत्याशी मैदान में हैं वहीं पार्षद पद के लिए 306 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विधिवत प्रशिक्षण कर्मचारियों को दिया जा रहा है। आयोग के अनुसार यह ट्रेनिंग फिलहाल जारी रहेगी। ईवीएम का प्रदर्शन प्रत्येक वार्ड में किए जाने की योजना है।

### शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से अभिभावक परेशान

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई है जिसके कारण प्रतिदिन नाम कटवाने के लिए जिला पंचायत के सीईओ कार्यालय और कलेक्टोरेट में शिक्षकों की भीड़ लगी हुई है। शिक्षकों का कहना है कि एक वर्ष में उनकी तीन बार ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षकों को ड्यूटी में भेजे जाने से अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। इस समय सभी शासकीय कर्मी राजनीतिक पहुंच लगाकर अपना नाम कटवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

### दिनेश मिश्र को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान

**रायपुर, 5 फरवरी।** साइंस कॉलेज बिलासपुर के मैदान में सामाजिक संस्थाओं के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के लिए निरन्तर कार्य करने के लिए डॉ मिश्र को छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से सम्मानित करते हुए शाल श्रीफल, स्मृति चिह्न प्रदान किया गया. कार्यक्रम में अध्यक्ष किरणपाल सिंह चावला ने कहा, डॉ दिनेश मिश्र सन् 1995 से प्रदेश में सामाजिक अंधविश्वास एवं कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण अभियान चला रहे हैं डॉ मिश्र के प्रयासों से प्रदेश में टोनही प्रताड़ना के विरोध में कानून बना .वे प्रताड़ित महिलाओं के कल्याण, पुनर्वास के लिए भी प्रयत्नशील हैं साथ ही सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित परिवारों के लिए कार्य कर रहे है साथ ही इस संबंध में कानून बनाने किए संघर्षरत हैं समारोह में विधायक धर्मजीत सिंह, गणेश अग्रवाल, केडिया, पंकज श्रीवास्तव, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विप्र महिला शिखर सम्मान 9 मार्च को

**रायपुर, 5 फरवरी।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवम् सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. की आवश्यक बैठक 1 फरवरी को शाम 4 बजे से प्रांतीय कार्यालय, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर में सम्पन्न हुई. बैठक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार, 9 मार्च को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. इस सम्मान योग्य इच्छुक महिलाओं का बायोडाटा 1 मार्च तक आमंत्रित है जिसे संगठन की चयन समिति द्वारा अंतिम रुप दिया जायेगा.

बैठक में राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, प्रांतीय सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, प्रांतीय महासचिव सुनील ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, महिला महासचिव सुमन मिश्रा, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा, युवा महासचिव सुरभि शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, महिला सचिव विद्याभट्ट एवं सुलभा पाण्डेय, संभागीय सहसचिव उमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे.

आयोजन

**रायपुर, 5 फरवरी।** शंकराचार्य आश्रम में बसंत पंचमी पर माता सरस्वती की पूजा की गई।

### बसंत पंचमी पर तीन किताबों का विमोचन

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर डॉ सुरेश तिवारी की तीन किताबों का एक साथ विमोचन किया गया। नर्मदा कॉम्प्लेक्स स्टार इंटरप्राइज़ेस अमलेश्वर के हॉल में डॉ सुरेश तिवारी द्वारा लिखित तीन किताबों कहानी ÷संग्रह ये रोज भी होता है÷गजल संग्रह ÷नशेमन÷ और साहिल का विमोचन मुख्य अतिथि गिरीश पंकज अध्यक्ष डॉक्टर बलदेव साहू, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर चितरंजन कर चिंतक, लेखक स्तंभकार संजीव ठाकुर कवि सुरेंद्र रावल एवं ब्रिगेडियर प्रदीप यदु की उपस्थिति में किया गया।हिंदी साहित्य भारती, छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वावधान सुरेश तिवारी की गजलों का गायन डॉ चितरंजन कर द्वारा किया गया इस पुस्तक विमोचन समारोह एवं गजल की संगीत यात्रा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचल से आए साहित्यकार डॉ0 जे0के0 डागर, श्री के0 पी0 सक्सेना 'दूसरे', साधना सक्सेना, ऋचा संस्था की अध्यक्ष डॉ0 मंजुला श्रीवास्तव, विश्व मैत्री मंच की छत्तीसगढ़ इकाई की अध्यक्ष नीता श्रीवास्तव, मधुसक्सेना] मीना शर्मा, नीलिमा मिश्रा, मंजू यदु, सुनीता वर्मा, विनय वर्मा, प्रसिद्ध गीतकार राजेश जैन 'राही', स्तंभकार व साहित्यकार संजीव ठाकुर, रविशंकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर श्री गोस्वामी जी, दुर्ग से राकेश गुप्ता 'रूसिया', लतिका भावे, माधुरी कर, किरण वैद्य एवं श्री वैद्य जी, दिलीप वरवंडकर जी, विवेक त्रिवेदी जी, चंद्रकला त्रिपाठी जी, मामा जी एवं अन्य कवि साहित्यकार, सुधि श्रोताजन उपथित थे. अंत में डॉ0 सुरेश तिवारी ने आभार व्यक्त किया.

रोकथाम व इलाज के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

# विश्व कैंसर दिवस पर फ्री स्क्रीनिंग कैंप

**रायपुर, 5 फरवरी।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा एक फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर की रोकथाम और इस बीमारी का जल्द पता लगाकर उसका इलाज कराने के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में मेडिकल एक्सपर्ट्स और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही कैंसर मरीज़ों के लिए कार्यरत लोगों और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को सम्मानित भी किया गया। इस कैंप में मरीज़ों की निःशुल्क जांच की गई और मरीज़ों को उनके अनुभव व्यक्त करने के लिए मंच भी दिया गया। जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट्स डॉ. रवि जायसवाल (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. सौरभ जैन (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. चेतना रमानी और डॉ. सुबुही नकवी के साथ अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और नर्सिंग स्टाफ ने हेल्दी लाइफस्टाइल और कैंसर की जल्द जांच पर विशेष ज़ोर दिया ताकि शुरुआती स्टेज में ही कैंसर की पहचान की जा सके।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मरीन ड्राइव में एक वॉकथॉन (वॉकिंग मैराथन) के साथ हुई ताकि कैंसर की जांच के महत्व से रायपुरियंस को अवगत कराया जा सके। इस वॉकथॉन में जाने-माने डॉक्टर्स, सामुदायिक संगठनों के सदस्यों, एनजीओ के प्रतिनिधियों और कैंसर सर्वाइवर्स ने बैनर्स और पोस्टर्स के साथ रूटीन हेल्थ चेकअप और कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने का प्रयास किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ितों के लिए हमेशा बेसिक और एडवांस्ड कैंसर स्क्रीनिंग पैकेजेज़ उपलब्ध हैं। साथ ही फरवरी माह में स्क्रीनिंग करवाने वाले मरीजों के लिए शुल्क में विशेष छूट भी रखी गई है। इस कार्यक्रम में 500 से ज़्यादा लोगों ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर्स और टेक्निशियंस की काबिल टीम ने सामान्य प्रकार के कैंसर जैसे स्तन, बच्चेदानी और मुँह के कैंसर की जांच की गई। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की टीम द्वारा बीते कुछ महीनों में पूरे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम्स संचालित करके, इस फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के लिए विशेष तैयारी की थी।

# दिव्यांग बच्चों के दांतों की जांच

**रायपुर, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा ने जानकारी दी कि वृन्दावन सिविल लाईन, अर्पण दिव्यांग स्कूल, स्पीच थेरेपी सेंटर सप्रे स्कूल तथा कोपलवाणी संतोष अग्रवाल ग्रोथ एकेडमी विधान सभा रोड, अनुपम नगर नगर में बच्चों के दांतों की जांच की गई।

अरोरा ने बताया कि डेंटल चेक-अप अभियान प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. प्रिया सराफ की विशेषज्ञता के अंतर्गत चलाया गया, जिन्होंने आवश्यक दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए विशेष रूप से सुसज्जित अत्याधुनिक मोबाइल डेंटल वैन में चेक-अप किया। अभियान के उद्देश्य के अनुसार बच्चों को आरामदायक, परिचित और सुलभ तरीके से बेहद आवश्यक दंत चिकित्सा सुविधा प्रदान किया गया। इस अभियान की कल्पना महिला चेम्बर के दृष्टिकोण से की गई थी, जिन्होंने हमेशा सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास के प्रति गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। महिला चेम्बर ने विकलांग बच्चों के सामने आने वाली दंत स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाया, एक ऐसा समूह जिसे अक्सर मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पाती। इस अवसर पर महिला चेम्बर संरक्षक आभा मिश्रा, अध्यक्ष मधु अरोरा, महामंत्री पिंकी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट सहित महिला चेम्बर के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26